दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

वर्ष: 2 | अंक: 193 जयपुर, शुक्रवार, 23 जून, 2023 | आषाढ़, शुक्ल पक्ष- पंचमी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak | YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

## व्हाइट हाउस में पीएम मोदी और राष्ट्रपति बाइडेन ने खींचा खाका

# दुनिया देखेगी... दोस्ती की नई इबारत

### अमेरिका भारत का सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर: मोदी

### 10 लाख नौकरियों की खुलेगी राह: बाइडेन

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

भारत और अमेरिका के संबंध गुरुवार को रफ्तार पकड़ते दिखे जब राष्ट्रपति जो बाइडेन ने दोनों देशों के संबंधों को 21वीं सदी के सबसे महत्वपूर्ण संबंधों में से एक करार दिया, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि संबंधों के प्रति अमेरिकी नेता की प्रतिबद्धता ने 'साहसी और ठोस' निर्णय लेने को प्रेरित किया है। व्हाइट हाउस के ओवल कार्यालय में दोनों नेताओं ने साझा हितों से जुड़े क्षेत्रीय, वैश्विक मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। इस वार्ता का मकसद रक्षा, अंतरिक्ष, स्वच्छ ऊर्जा और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी सहित भारत अमेरिका सामरिक संबंधों को और गति प्रदान करना है।


प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देशों के संबंधों को लेकर बाइडेन की प्रतिबद्धता के कारण भारत साहसी एवं ठोस कदम उठाने को प्रेरित हुआ। पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देशों के साथ संबंधों को लेकर आपकी व्यक्तिगत प्रतिबद्धता के कारण अंतरिक्ष की ऊंचाइयों से लेकर समुद्र की गहराइयों तक, प्राचीन सभ्यता से लेकर कृत्रिम बुद्धिमता तक हर क्षेत्र में हम कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि राजनयिक दृष्टि से जब भी दो देशों के बीच संबंधों की बात की जाती है तब अक्सर संयुक्त बयान, कार्य समूह, समझौता ज्ञापन के दायरे में होती है, इसका भी अपना महत्व है। मोदी ने कहा कि भारत और अमेरिका के संबंधों का महत्वपूर्ण इंजन लोगों के बीच सम्पर्क है।

### 2024 में स्पेस में जाएगा भारतीय अंतरिक्ष यात्री: अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन

व्हाइट हाउस में द्विपक्षीय बातचीत के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने साझा बयान जारी करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवा, अंतरिक्ष, स्वच्छ ऊर्जा और जलवायु संकट, क्वांटम कम्प्यूटिंग जैसी तकनीक, सेमीकंडक्टर पर सहयोग, रक्षा संबंधों पर अधिक सहयोग आदि पर चर्चा हुई। भारत-अमेरिका आर्थिक सहयोग बढ़ रहा है। व्यापार पर 2 अरब डॉलर से ज्यादा का नया निवेश हुआ है। दोनों देशों में मानवाधिकार संघर्ष मौजूद है। अमेरिकी सपने को पूरा करने में भारतीय अमेरिकी योगदान दें। 2024 में भारतीय अंतरिक्ष यात्री स्पेस में जाएगा।

### 21वीं सदी का सबसे महत्वपूर्ण रिश्ता



## 'भारत और अमेरिका दोनों के डीएनए में लोकतंत्र'

### मोदी-बाइडेन की संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ समग्र वार्ता के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि भारत और अमेरिका के संबंधों एवं समग्र वैश्विक सामरिक गठजोड़ में एक नया अध्याय जुड़ा है।

वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि भारत के साथ यह साझेदारी दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण साझेदारी में से एक है जो इतिहास में किसी भी समय अधिक मजबूत, करीबी और अधिक गतिशील है। बाइडेन के साथ संयुक्त प्रेस संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का दिन भारत और अमेरिका के संबंधों के इतिहास में एक विशेष महत्व रखता है।

आज की हमारी चर्चा और महत्वपूर्ण निर्णयों से हमारी समग्र वैश्चिक सामरिक गठजोड़ में एक नया अध्याय जुड़ा है। भारत के अर्टेमिस संधि में शामिल होने का फैसले की घोषणा के बारे में मोदी ने कहा कि हमने अंतरिक्ष सहयोग में नया कदम आगे बढ़ाया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि व्हाइट हाउस में इतनी बड़ी संख्या में भारतीय लोगों की उपस्थिति इस बात का प्रमाण है कि भारतीय अमेरिकी हमारे संबंधों की असली ताकत हैं। मोदी ने कहा कि इन संबंधों को और गहरा करने के लिए हम अमेरिका द्वारा बेंगलुरू और अहमदाबाद में वाणिज्य दूतावास खोलने के निर्णय का स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवाद और कट्टरवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत और अमेरिका कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे हैं। एक सवाल के जवाब में पीएम मोदी ने कहा कि लोग कहते हैं नहीं, बल्कि भारत एक लोकतंत्र है और जैसा कि राष्ट्रपति बाइडेन ने कहा है, भारत और अमेरिका दोनों के डीएनए में लोकतंत्र है।

## जरूरी खबर

### IIS बेंगलोर एशियाई यूनिवर्सिटी रैंकिंग में टॉप



**लंदन।** बेंगलुरु में स्थित भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएस) 'टाइम्स हाई एजुकेशन (टीएचई) एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2023' में सर्वोच्च रैंक वाला भारतीय संस्थान बनकर उभरा है। इस रैंकिंग में आईआईएस 48वें स्थान पर है। भारत का दूसरा सर्वोच्च रैंक वाला विश्वविद्यालय जेएसएस उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान अकादमी भी कर्नाटक से है। मैसूरु में स्थित यह संस्थान 68वें स्थान पर है। इस सूची में चीन के सिंघुआ विश्वविद्यालय और पेकिंग विश्वविद्यालय शीर्ष पर रहे। सिंगापुर का राष्ट्रीय विश्वविद्यालय तीसरे स्थान पर रहा।

### 109 नगर निकायों में सड़कों के लिए 712 करोड़ मंजूर

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश के 109 नगरीय निकायों में सड़क विकास के 1980 कार्यों के लिए 712 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रावधान को स्वीकृति दी हैं। मुख्यमंत्री की इस स्वीकृति से इन निकायों में मुख्य सड़कों के मेजर रिपेयर के कार्य हो सकेंगे। गहलोत की बजट घोषणा के तहत नगर निगम क्षेत्र में 50 किमी, नगर परिषद क्षेत्र में 35 किमी और नगर पालिका क्षेत्र में 20 किमी सड़कों के कार्य करवाए जाने प्रस्तावित हैं। गौरतलब है कि इससे पूर्व 96 नगरीय निकायों के 1375 कार्यों के लिए 489 करोड़ रूपए स्वीकृत किए जा चुके हैं।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

## उदयपुर में बोले... यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल

# 6 विधायक, 3 मंत्री हैं राजधानी की समस्या, इनमें कोई कॉर्डिनेशन नहीं



### चार शहरों में सबसे पीछे पिंकसिटी

**बेधड़क** | जयपुर

यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने राजधानी जयपुर के विकास में यहां के जनप्रतिनिधियों को बाधा बताते हुए कहा है कि इनके कारण से पिंकसिटी स्मार्ट प्रोजेक्ट में पिछड़ रहा है। उदयपुर में स्मार्ट सिटी के कार्यक्रम के मंच से धारीवाल कहा कि मॉनिटरिंग के कारण उदयपुर में स्मार्ट सिटी का कार्य तेज गति से चल रहा है। दूसरी ओर उन्होंने जयपुर में स्मार्ट सिटी के काम में देरी को लेकर कहा कि जयपुर स्मार्ट सिटी में पिछड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कोई मंत्री-विधायक न होता तो जयपुर में काम जल्दी होता। धारीवाल ने कहा कि जयपुर से मैं भी आता हूं, जयपुर से राजस्थान सरकार में तीन मंत्री भी है और 6 विधायक हैं। यही सबसे बड़ी प्रॉब्लम है। मंत्री और विधायकों में आपसी विवाद के कारण काम में देरी हो जाती है। हर कोई अलग-अलग काम बताते हैं। अगर फैसला करने वाला एक आदमी हो तो समय पर काम पूरा हो जाता है। कार्यक्रम में धारीवाल ने असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी का काम इसलिए भी तेज गति से पूरा हुआ क्योंकि मॉनिटरिंग हुई। उन्होंने कहा कि भले ही कटारिया असम के राज्यपाल बन गए हो, लेकिन वह असम से उदयपुर का ध्यान रखते हैं।

#### 4 शहरों में चल रहा है स्मार्ट सिटी का काम

राजस्थान में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट का काम चार शहरों में चल रहा है। इनमें जयपुर, अजमेर, उदयपुर, कोटा में काम चल रहा है। शहर की तुलना में जयपुर के स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में पिछड़ने को लेकर धारीवाल ने अपने ही सरकार जयपुर से आने वाले मंत्री और विधायकों पर निशाना साधा है। जयपुर में गुटबाजी के चलते न तो हेरिटेज नगर निगम में आज तक कमेटियों का गठन हो पाया है और ना ही स्मार्ट सिटी के कामों ने गति पकड़ी।

#### हर निर्णय पर होता है शक्ति प्रदर्शन

यूडीएच मंत्री धारीवाल का इशारा जयपुर में नेताओं के रवैये पर रहा। दरअसल जयपुर में हर छोटे-मोटे निर्णयों को लेकर मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास, महेश जोशी, लालचंद कटारिया के बीच रस्साकशी होती नजर आती है। यहीं हाल शहर के विधायक अमीन कागजी, रफीक खान और गंगादेवी के बीच है। यहां अफसरों से लेकर शिक्षकों को लगाने तक में कई बार शक्ति प्रदर्शन तक की नौबत आ चुकी है। ऐसे में नगरीय विकास मंत्री धारीवाल का यह तंज प्रासंगिक दिखाई देता है।

## उच्च शिक्षा: सरकार की युवाओं को रोजगार की सौगात

# कॉलेजों में सहायक आचार्य के 1913 पदों पर होगी भर्ती

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश सरकार ने युवाओं को रोजगार की सौगात दी हैं। कॉलेज शिक्षा विभाग में सहायक आचार्य के 1913 पदों पर भर्ती होगी। राजस्थान लोक सेवा आयोग ने गुरुवार को 48 विषयों के लिए भर्ती का विज्ञापन जारी किया गया हैं।

संयुक्त सचिव आशुतोष गुप्ता ने बताया कि अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन 26 जून से 25 जुलाई 2023 की आधी रात तक किए जा सकेंगे। इस परीक्षा का आयोजन इसी साल अक्टूबर में किया जाना संभावित है। परीक्षा तिथि व स्थान के संबंध में यथासमय सूचित कर दिया जाएगा। शैक्षणिक योग्यता, विषयवार पदों की संख्या, वर्गवार वर्गीकरण एवं अन्य जानकारी संबंधी विस्तृत सूचना आरपीएससी की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

#### संगणक के 583 पदों पर होगी भर्ती

आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग ने सांख्यिकी अधीनस्थ सेवा संवर्ग में संगणक के पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए




583 रिक्त पदों पर भर्ती की अभ्यर्थना राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड जयपुर को भेजी गई है। आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशक भंवर लाल बैरवा ने बताया कि इसमें सामान्य वर्ग के 214, अनुसूचित जाति के 83, अनुसूचित जनजाति के 100, अन्य पिछड़ा वर्ग के 107, अति पिछड़ा वर्ग के 25, आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग के 51 तथा बारां जिले की सभी तहसीलों की सहरिया आदिम जाति के 3 पद सम्मिलित हैं। इसमें वर्गवार गैर अनुसूचित क्षेत्र के 512 और अनुसूचित क्षेत्र के 71 पदों पर भर्ती की जाएगी। बोर्ड जल्द ही इन पदों पर भर्ती के लिए विज्ञप्ति जारी करेगा।

#### कृषि विभाग: 555 रिक्त पदों पर होंगी भर्तियां

वहीं कृषि विभाग ने कृषि अधिकारी के 25, कृषि पर्यवेक्षक के 430, निजी सहायक ग्रेड-II (शीघ्र लिपिक) के 16 और कनिष्ठ सहायक के 84 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती करने के लिए सम्बन्धित भर्ती एजेन्सियों को अभ्यर्थना भिजवाई है। अतिरिक्त निदेशक कृषि (प्रशासन) हिरेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि कृषि अधिकारी के 25 पदों पर आरपीएससी व कृषि पर्यवेक्षक के 430 पदों पर राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड को और निजी सहायक ग्रेड-II के 16 पदों एवं कनिष्ठ सहायक के 84 पदों के लिए प्रशासनिक सुधार विभाग को अभ्यर्थना भिजवाई जा चुकी हैं।

## कांग्रेस में उम्रदराज को राजनीतिक संन्यास

# बुजुर्ग नेताओं को चुनाव का 'मोह' नहीं, लेकिन बेटों के लिए चाहिए 'टिकट'

- हेमाराम के बाद दीपेंद्र सिंह शेखावत ने चुनाव नहीं लड़ने का किया ऐलान
- श्रीकरणपुर MLA कुन्नर ने खुद के लिए नहीं, बेटे के लिए मांगा टिकट
- 74 वर्षीय मंत्री बीडी कल्ला बोले, फिट हूं, फिर से लड़ेंगे चुनाव

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में चुनावों में समय कम बचा है चुनावी दावेदारों ने अपनी-अपनी दावेदारी पेश करनी शुरू कर दी है, लेकिन अब राजनीति में उम्र को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। परिवार की राजनीतिक विरासत को आगे ले जाने की रणनीति पर भी काम शुरू हो गया है। गुरुवार को दो कांग्रेस विधायकों ने एक ही दिन में चुनाव नहीं लड़ने का ऐलान किया। सचिन पायलट गुट के माने जाने वाले विधायक और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह शेखावत और श्रीकरणपुर से पूर्व मंत्री और कांग्रेस विधायक गुरमीत सिंह कुन्नर ने अगला चुनाव नहीं लड़ने का ऐलान किया। शेखावत ने जहां स्वास्थ्य कारणों का हवाला दिया, वहीं कुन्नर ने अपने बेटे को टिकट देने की पैरवी कर डाली।

इससे पहले मंत्री हेमाराम चौधरी और सांगोद विधायक भरत सिंह कुंदनपुर भी चुनाव नहीं लड़ने का ऐलान कर चुके हैं। इधर कांग्रेस विधायकों के चुनाव नहीं लड़ने का ऐलान करने के साथ ही उनकी सीटों पर उनके बेटों के चुनाव लड़ने की अटकलों को बल मिलने लगा है। बीते दिनों पहले कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा का बुजुर्ग नेताओं को चुनाव लड़ने का मोह छोड़ देने का बयान देकर हलचल पैदा कर दी थी।

#### सांगोद विधायक बोले... दूसरों को मिले मौका

वहीं बीते दिनों कोटा के सांगोद से विधायक भरत सिंह कुंदनपुर ने भी विधानसभा चुनाव नहीं लड़ने की इच्छा जाहिर करते हुए कहा कि अगर मैं ही चुनाव लड़ता रहूंगा तो दूसरों को मौका कैसे मिलेगा? विधायक ने कहा कि 2018 में विधानसभा चुनाव जीतने के बाद ही मैंने भविष्य में आगे चुनाव नहीं लड़ने का ऐलान किया था।

#### मंत्री कल्ला बोले... मैं जीताऊ उम्मीदवार

वहीं उम्रदराज के संन्यास के ऐलान के बीच शिक्षा मंत्री बीडी कल्ला ने कहा कि मैं चुनाव लड़ूंगा। मैं जीतने वाला उम्मीदवार हूं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा में उनके सामने कोई टिकट मांगने वाला भी नहीं है। जब उनसे उन नेताओं के बारे में पूछा गया जो इस बार चुनाव नहीं लड़ेंगे तो मंत्री ने कहा कि चुनाव लड़ना एक व्यक्ति की इच्छा है।



> विधानसभा चुनाव 2018 में यूथ कांग्रेस से करीब 15 नेताओं को विधायक की टिकट मिली। वहीं इस बार इस संख्या को बढ़ाने की मांग रखी जा रही है, पुराने नेताओं को अपने अनुभव को साथ लेकर चलते हुए उन्हें भी पर्याप्त मौका दिया जाए।
>
> **-यशवीर सूरा,** कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष यूथ का कांग्रेस

#### खुद नहीं तो अपनों को करेंगे आगे

कांग्रेस विधायकों के चुनाव नहीं लड़ने का ऐलान करने के साथ ही उनकी सीटों पर उनके परिवार के सदस्यों के चुनाव लड़ने की चर्चा शुरू हो गई है। ज्यादातर नेताओं के पुत्रों के नाम अब उनकी परंपरागत सीट पर चर्चा में है। गुरुवार को कांग्रेस वॉररूम में चर्चा के लिए पहुंचे उम्रदराज नेताओं ने खुल कर अपने पुत्रों के नाम भी बोले। चुनाव नहीं लड़ने वाले दीपेंद्र सिंह ने कहा कि वे चाहते हैं कि अब उनकी जगह उनके बेटे बालेंदु सिंह को मौका मिले। यहीं नहीं पूर्व मंत्री गुरमीत सिंह कुन्नर ने दीपेंद्र सिंह, हेमाराम जैसे नेताओं के सुर में सुर मिलाते हुए कहा कि वे चुनाव नहीं लड़ना चाहते।

जरूरी खबर

## पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मंदिरों का होगा जीर्णोद्धार



**जयपुर।** प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार की ओर से मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया जाएगा। इसमें तेजाजी महाराज अजमेर, श्रीराधा माधवजी वृंदावन (जयपुर मंदिर), श्रीकुशल बिहारीजी बरसाना, श्रीराजचन्द्रजी जयपुर, श्रीढार देवी मंदिर कोटा, श्रीमंगलेश्वर मातृकुण्डिया मंदिर चित्तौड़गढ़, गोगाजी गोगामेड़ी, श्रीबाबाजी राजमंदिर मांगरोल बारां, रूणिजा रामदेवरा एवं तेजाजी मंदिर खरनाल में विकास कार्य करवाए जाएंगे।

## आज राज्यपाल से मिलेगा भाजपा का प्रतिनिधि मंडल

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी का एक प्रतिनिधि मंडल प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के नेतृत्व में शुक्रवार को राज्यपाल से मुलाकात करेगा। प्रदेश महामंत्री मदन दिलावर ने बताया कि प्रदेश की जनता के विभिन्न मुद्दों को लेकर पार्टी का एक प्रतिनिधि मंडल राजभवन में राज्यपाल कलराज मिश्र से मुलाकात करेगा। इस दौरान प्रदेश में जनहित के ऐसे मुद्दों जिन पर कांग्रेस सरकार पूरी तरह से खरा नहीं उतर पाई और जिन समस्याओं से जनता त्रस्त है उन पर चर्चा कर राज्यपाल से मांग की जाएगी कि वे सरकार को निर्देश जारी करें कि जनता से जुड़े मुद्दों का राज्य सरकार समाधन करें।

## सुमित्रा सिंह ने की भाजपा प्रदेशाध्यक्ष से मुलाकात



**जयपुर।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सुमित्रा सिंह ने जयपुर में भाजपा प्रदेश मुख्यालय पहुंचकर प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ से मुलाकात की। इस मुलाकात को झुंझुनूं सीट के लिए बहुत अहम माना जा रहा हैं। क्योकि काफी समय से भाजपा का उम्मीदवार इस सीट पर जीत दर्ज नहीं कर पाया हैं। भाजपा ने यहां हर बार अलग अलग चेहरे पर दांव खेला है। इसके बावजूद यहा जीत नहीं मिल पाई। वहीं सुमित्रा सिंह ने कहा कि पिछले 15 चुनावों में भाजपा ने यह सीट सिर्फ एक बार जीती है। यदि भाजपा चुनाव जीतना चाहती है तो उपयुक्त उम्मीदवार को टिकट दें। गौरतलब है कि सुमित्रा ही एकमात्र ऐसी उम्मीदवार थी, जिन्होंने विधायक बृजेंद्र ओला को 3 बार चुनाव हराया था।

**सीएम की सौगात:** महिलाओं-बालिकाओं को सभी श्रेणी की बसों में मिलेगी छूट, 401 कॉलेज में ओपन जिम

# महिलाओं का आधा किराया, ओपन जिम से सेहत का ख्याल

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत राजस्थान के हर वर्ग को राहत पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। इसी प्रयास में एक कदम और बढ़ाते हुए सीएम गहलोत ने गुरुवार को राज्य की महिलाओं और युवाओं को एक और सौगात दी हैं।

अब महिलाएं रोडवेज की किसी भी बस में राजस्थान की सीमा में आधा किराया देकर यात्रा कर सकेंगी। वहीं प्रदेश के युवाओं को कॉलेजों में ओपन जिम से पढ़ाई के साथ-साथ उनका शारीरिक व मानसिक विकास भी बेहतर रूप से हो सकेगा। सीएम के इस प्रयास से महिलाओं और युवाओं को महंगाई से भी राहत मिलेगी। इसके लिए सीएम ने महिलाओं को अब रोडवेज की सभी श्रेणी की बसों में किराए में 50 प्रतिशत छूट की स्वीकृति दी हैं। वहीं राज्य के 401 राजकीय महाविद्यालयों में ओपन जिम स्थापित करने के लिए वित्तीय प्रावधान की स्वीकृति दी है।

राज्य सरकार ने रोडवेज की बसों में सफर करने पर महिलाओं के लिए रियायत का दायरा बढ़ाया हैं। राज्य की सीमा में अब राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की समस्त श्रेणी की बसों में यात्रा करने पर महिलाओं और बालिकाओं को 50 प्रतिशत की रियायत दी जाएगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस संबंध में प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। प्रस्ताव के अनुसार, निगम की सभी श्रेणी की बसों में यात्रा करने पर महिलाओं एवं बालिकाओं का आधा किराया ही लगेगा।

अभी केवल साधारण श्रेणी की बसों में यात्रा करने पर ही महिलाओं एवं बालिकाओं को 50 प्रतिशत की छूट दी जा रही थी। पहले रोडवेज की साधारण बसों में यात्रा करने पर महिलाओं को किराए में 30 प्रतिशत की छूट दी जा रही थी।

इसे बढ़ाकर सीएम ने 50 प्रतिशत करने की घोषणा की थी। इस घोषणा का 1 अप्रेल, 2023 से महिलाओं को लाभ मिल रहा है, अब मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इसी घोषणा की क्रियान्विति में दायरा बढ़ाते हुए यह स्वीकृति प्रदान की है।



### ओपन जिम पर 18.04 करोड़ खर्च

प्रदेश के 401 राजकीय महाविद्यालयों में ओपन जिम स्थापित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इसके लिए 18.04 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रावधान की स्वीकृति दी हैं। प्रस्ताव के अनुसार, ओपन जिम की स्थापना पर प्रति महाविद्यालय 4.50 लाख रुपए की राशि व्यय की जाएगी। इससे सत्र 2023-24 में खोले गए नवीन कॉलेज में भी ओपन जिम स्थापित किए जाएंगे। गहलोत की इस स्वीकृति से राजकीय महाविद्यालयों में ओपन जिम की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। इससे विद्यार्थियों का शारीरिक एवं मानसिक विकास बेहतर रूप से हो सकेगा।

### पहले भी दी हैं कई सौगातें

इससे पहले भी गहलोत युवाओं और महिलाओं को कई सौगात दे चुके हैं। इन योजनाओं से उन पर आर्थिक बोझ कम हो रहा है और महंगाई से भी निजात मिल रही है। इसमें जनाधार कार्ड में महिला मुखिया, 500 रुपए में सिलेंडर, एनएफएसए परिवारों को राशन और पेंशन योजनाएं प्रमुख हैं। इसके अलावा राजीव गांधी युवा मित्र,50 हजार युवा महात्मा गांधी सेवा प्रेरकों की भर्ती सहित कई सौगात दी हैं।

**मुख्यमंत्री ने कहा-** सांप्रदायिकता के अलावा BJP के पास मुद्दा नहीं

# वेणुगोपाल के साथ राजनीतिक मसलों पर CM गहलोत की चर्चा

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश के दौरे पर आए कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बीच गुरुवार को एक घंटे से ज्यादा मंत्रणा का दौर चला।

इसमें प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा भी मौजूद रहे। बताया जा रहा है कि नेताओं के बीच राजस्थान के राजनीतिक हालातों को लेकर चर्चा हुई। प्रदेश प्रभारी रंधावा ने भी गुरुवार को कांग्रेस वॉर रुम में नेताओं के साथ चर्चा कर जो फीडबैक जुटाया उसे भी वेणुगोपाल के साथ साझा किया।

वहीं आने वाले चुनाव में पार्टी की तैयारियों पर भी नेताओं के बीच चर्चा हुई। इससे पहले दिल्ली में वेणुगोपाल की सचिन पायलट से भी चर्चा की खबर है। वेणुगोपाल और पायलट के बीच राजस्थान को लेकर पहले बने फार्मूले को लेकर चर्चा हुई। बाद में सीएम के साथ भी इस लाइन में बात होने की जानकारी है। वेणुगोपाल मंत्री भजनलाल जाटव के पुत्री अर्चना की शादी में शरीक हुए।

### भाजपा थोड़े दिन में कांग्रेस को बता देगी मुस्लिमों की पार्टी



### गहलोत आज जाएंगे भरतपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत शुक्रवार को भरतपुर दौरे पर रहेंगे। वे यहां एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इसके अलावा उनका कांग्रेस नेताओं के साथ मुलाकात का भी कार्यक्रम है।

### मुख्यमंत्री ने भाजपा पर किए प्रहार

वेणुगोपाल से मुलाकात के बाद होटल ललित में गहलोत ने मीडिया से बात करते हुए भाजपा पर हमला बोला। गहलोत ने कहा कि प्रदेश में भाजपा मुद्दा विहीन हो चुकी है। अब चाहे विधानसभा में प्रधामंत्री मोदी आए या अमित शाह। कुछ फर्क नहीं पड़ने वाला। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के पास अब केवल सांप्रदायिक मुद्दे बचे हैं। थोड़े दिन में यह कांग्रेस को मुस्लिमों की पार्टी बताने लग जाएंगे। नेता प्रतिपक्ष हो या कोई और नेता कभी भी कहीं भी धरने पर बैठ जाते हैं। मुद्दा कोई नहीं होता। गहलोत ने कहा कि हम हमारी योजना के दम पर चुनाव जीत रहे हैं। महंगाई राहत शिविरों से आमजनता को बड़ी राहत मिल रही है। जहां भी हम जा रहे है जोरदार रिसपॉस मिल रहा है।

**सीएम के बयान के बाद सियासत गरमाई**

# कांग्रेस की वोटों की राजनीति साम्प्रदायिक घटनाओं के पीछे: राजे

**बेधड़क** | जयपुर



राजस्थान में बिपरजॉय तूफान का जायजा लेने के दौरान बुधवार को जालोर पहुंचे मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की ओर से भाजपा और आरएसएस को लेकर दिए गए बयान को लेकर प्रदेश की सियासत गरमा गई है। पूर्व सीएम वसुंधरा राजे से लेकर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने गहलोत के बयान का पलटवार किया हैं।

गौरतलब है कि सीएम गहलोत ने बुधवार को जालोर में भाजपा आरएसएस पर करारा प्रहार बोला था। इसमें कहा था कि भाजपा आरएसएस धर्म के नाम पर दंगें करवाते हैं। हमारी आस्था हिंदू धर्म में उनसे ज्यादा है। हम गाय के नाम पर वोट की बात नहीं करते हैं। कुछ लोग राम मंदिर की राजनीति के लिए ही हिंदू बने हैं।

इस बयान पर पूर्व सीएम और भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे सिंधिया ने कहा कि जितनी भी साम्प्रदायिक घटनाएं हुई हैं, उनके पीछे कांग्रेस की वोटों की राजनीति है। पर्दे के पीछे रह कर आग लगाने का काम कांग्रेस का है। संघ और भाजपा तो कांग्रेस की लगाई हुई आग को बुझाते हैं। आए दिन संघ के ख़िलाफ़ एक ही राग अलापने वाले गहलोत शायद भूल गए कि देश की आजादी के समय जब पाकिस्तानी सेना ने कश्मीर सीमा लांघने की कोशिश की, तो सैनिकों के साथ संघ के स्वयंसेवकों ने मातृभूमि की रक्षा करते हुए प्राण दिए थे। राजे ने कहा कि मुख्यमंत्री बार-बार हिंदुत्व को ललकारने की गलती नहीं करें। हिंदुत्व कोई एजेंडा नहीं, बल्कि 36 कोमों और सब धर्मों का आदर करने वाली संस्कृति है।

### भाजपा-आरएसएस का दंगों की राजनीति में विश्वास नहीं: गजेन्द्र सिंह



गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि कांग्रेस की धार्मिक भेदभाव की सोच और प्रशासन की ढिलाई दंगों के लिए जिम्मेदार हैं। गहलोत की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए गुरुवार को शेखावत ने कहा कि भाजपा-आरएसएस दंगों की राजनीति में विश्वास नहीं करते। राजस्थान में कांग्रेस सरकार की तुष्टीकरण नीति से दंगे फैलते हैं, जिससे निर्दोष लोग मारे जाते हैं और काम-धंधों का नुकसान होता है। शेखावत ने कहा कि चुनाव का समय आते ही सीएम गहलोत गोभक्त हो जाते हैं, लेकिन वे यह भूल जाते हैं कि राजस्थान में लाखों गायें लंपी से मर गई थीं। उनके उपचार में यह सरकार पूरी तरफ विफल साबित हुई।

### खाजूवाला की घटना से भटका रहे ध्यान



भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि सीएम अशोक गहलोत के सपने में भी आऱएसएस-भाजपा दिखाई देती हैं। सीएम इस तरह के बयान से अब बीकानेर के खाजूवाला के मामले से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा प्रदेश कार्यालय गुरुवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता और जनसंघ के संस्थापक सदस्य स्व. सुन्दर सिंह भण्डारी की पुण्यतिथि पर भाजपा नेताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने कहा कि राष्ट्रसेवा के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित करने वाली शख्सियत को हमेशा याद रखा जाएगा।

**नए जिलों के लिए** सीएम ने दी स्वीकृति

# 606 पदों का होगा सृजन

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की ओर से नवसृजित 15 जिलों में प्रशासनिक कार्य सम्पादन की दृष्टि से कलेक्ट्रेट कार्यालयों के लिए 606 नवीन पदों के सृजन की मंजूरी दी गई है।

उन्होंने इन कार्यालयों को किराए के भवन में संचालित किए जाने की भी स्वीकृति प्रदान की है। प्रस्ताव के अनुसार नवसृजित अनूपगढ़, बालोतरा, ब्यावर, डीग, डीडवाना-कुचामन, दूदू, गंगापुर सिटी, केकड़ी, कोटपूतली-बहरोड़, खैरथल, नीम का थाना, फलौदी, सलूम्बर, सांचौर और शाहपुरा जिलों में नवीन पदों का सृजन किया जाएगा। इन जिलों में जिला कलेक्टर के साथ लेखाधिकारी, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड-द्वितीय, अतिरिक्त निजी सचिव, निजी सहायक-प्रथम, उप विधि परामर्शी, कनिष्ठ विधि अधिकारी, राजस्व लेखाधिकारी, सहायक राजस्व लेखाधिकारी-प्रथम, सहायक राजस्व लेखाधिकारी-द्वितीय, तहसील राजस्व लेखाकार, संस्थापन अधिकारी, जमादार के 1-1 पद सृजित होंगे। साथ ही, प्रशासनिक अधिकारी और अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी, सहायक प्रशासनिक अधिकारी, सूचना सहायक, वरिष्ठ सहायक व कनिष्ठ सहायक के साथ प्रति कार्यालय 15 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद स्वीकृत होंगे।

**एसीएस शुभ्रा सिंह** ने किया लैब का निरीक्षण

# कोटपूतली अस्पताल में इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब का शुभारंभ

**बेधड़क** | जयपुर

देश की पहली इंटीग्रेटेट पब्लिक हैल्थ लैब कोटपूतली जिला अस्पताल में शुरू हुई। यह अलग-अलग स्वास्थ्य जांचें एक छत के नीचे उपलब्ध करवाने वाली पहली इंट्रीगेटेड पब्लिक हेल्थ लैब हैं।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की एसीएस शुभ्रा सिंह ने गुरुवार को कोटपूतली जिला अस्तपाल में नवनिर्मित इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब का निरीक्षण किया। इंटीग्रेटेड लैब संचालित



होने से मरीजों को विभिन्न स्वास्थ्य जांचें करवाने के लिए अस्पताल में जांच, सैम्पल जमा कराने, रिपोर्ट प्राप्त करने, इत्यादि सुविधाएं अब एक ही स्थान पर उपलब्ध होना संभव हुआ हैं। इस प्रयोगशाला में माइक्रोबॉयोलॉजी, हेमाटोलॉजी, बायोकेम्स्ट्री, पैथोलॉजी, साइटोलॉजी और मॉलाक्यूलर बायोलॉजी इत्यादि यूनिट एक ही स्थान पर एकीकृत रूप से कार्य करेंगी। निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने बताया कि कोटपूतली के बाद अब जोधपुर, चित्तौड़गढ़ में निम्बाहेडा, नागौर के डीडवाना, प्रतापगढ़, राजसमंद के नाथद्वारा, केकड़ी, गंगापुरसिटी, झुंझुनूं के नवलगढ़ और दौसा जिले के लालसोट अस्पतालों में लैब निर्माण का कार्य प्रगति पर है।

**किरोड़ी मीणा का धरना समाप्त**

# धरना स्थल से हटाया, चाकसू थाने ले जाकर छोड़ा

■ राज्यसभा सांसद ने लगाया आरोप पुलिस दर्ज नहीं कर रही शिकायत

**बेधड़क** | जयपुर

पुलिस ने अशोक नगर थाने के बाहर धरने पर बैठे भारतीय जनता पार्टी के सांसद किरोड़ी लाल मीणा एवं उनके समर्थकों को गुरुवार को धरना स्थल से हटा दिया। पुलिस उन्हें यहां से हटाकर जयपुर के बाहरी इलाके चाकसू थाने में ले गई।

जहां मीणा को देरे शाम छोड़ दिया गया। मीणा ने जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग



(पीएचईडी) में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए इस संबंध में दो मामले दर्ज करने की मांग को लेकर मंगलवार को अशोक नगर थाने के सामने धरना दिया था। उनका आरोप है कि पुलिस ने मामला दर्ज करने से इनकार कर दिया। गुरुवार को सुबह मीणा जब किसी काम से कुछ देर के लिए धरना स्थल से हटे तब पुलिस ने वहां अवरोधक लगा दिए और उनके समर्थकों की गाड़ियों को हटा दिया। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि लौटने पर मीणा को तुरंत एक बस में बिठाया गया और चाकसू थाने ले जाया गया। पुलिस अधिकारी ने कहा कि आरोपों की जांच भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा की जानी थी।

इसलिए सांसद को उसके पास शिकायत दर्ज कराने के लिए कहा गया था। धरना स्थल से हटाए जाने के दौरान भी मीणा ने अपना आरोप दोहराया कि वह और शिकायतकर्ता पीएचईडी विभाग से संबंधित 'घोटालों' को लेकर मामला दर्ज कराने के लिए थाने आए थे, लेकिन पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया।

### 900 करोड़ के घोटाले का आरोप

इस मामले में शिकायकर्ता की एक शिकायत में आरोप लगाया गया है कि 'जल जीवन मिशन' की 48 परियोजनाओं में फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र के आधार पर दो फर्मों को 900 करोड़ रुपए की निविदा जारी की गई थी। शिकायतकर्ता टीएन शर्मा ने एक शिकायत में दो वरिष्ठ अधिकारियों का नाम लिया है, जबकि दूसरे में उन्होंने राजस्थान के पीएचईडी मंत्री महेश जोशी सहित अन्य का नाम लिया है। मंत्री जोशी पहले ही अपने ऊपर लगे आरोपों को यह कहते हुए खारिज कर चुके हैं कि निविदा प्रक्रिया में किसी मंत्री की भूमिका नहीं होती है।

### धारा 188 के तहत मामला दर्ज

अशोक नगर थाना पुलिस ने धारा 144 का उल्लंघन करने पर धारा 188 के तहत केस दर्ज कर लिया। जिसमें सांसद किरोड़ी लाल मीणा सहित अन्य लोगों को नामजद किया है। चाकसू ले जाने के दौरान नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ सहित कई भाजपा कार्यकर्ता और किरोड़ी समर्थक वहां एकत्र हो गए। उन्होंने चाकसू थाने के बाहर काफी देर तक हंगामा किया। पुलिस ने जैसे ही सांसद को छोड़ा तो कुछ देर बाद सब लोग चले गए।

**लाइसेंस समिति की बैठक में कई निर्णय**

# ग्रेटर क्षेत्र में पुराने डेयरी बूथों का होगा वेरिफिकेशन

**बेधड़क** | जयपुर

लाइसेंस समिति के अध्यक्ष रमेश चंद सैनी की अध्यक्षता में नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय पर लाईसेंस समिति की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

सैनी ने बताया की बैठक के दौरान जयपुर ग्रेटर नगर निगम क्षेत्र में आने वाले मैरिज गार्डनों की स्थिति के बारे में चर्चा की गई। ग्रेटर सीमा में 100 से अधिक विवाह स्थलों का शुल्क बकाया है, इन्हें नोटिस जारी कर निगम राजस्व तत्काल वसूला जाए। वहीं ग्रेटर क्षेत्र में लगभग 350 डेयरी बूथों का शुल्क बकाया है, इसे वसूला जाए। साथ ही जोन स्तर पर एक-एक पर सर्वे किया जाएगा। जिसके माध्यम से मूल आवंटी का सत्यापन, अवैध डेयरी बूथ, बिना अनुमति आवंटित स्थान परिवर्तन करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। रमेश सैनी ने बताया कि वर्तमान में केवल होटल बुक करा कर होटल के खुले गार्डन में होने वाले विवाह, अन्य समारोह करने पर कोई शुल्क नहीं लिया जाता। इसके लिए निगम ऐसे नियम बनाएगा जिससे होटल के गार्डन एरिया का भी पंजीकरण करवाना होगा।

शहर में चल रहे स्विमिंग पूल को लाइसेंस के दायरे में लाने जाने के लिए नियम बनाए जाएंगे, जिससे कि निगम के राजस्व में बढ़ोतरी हो। डेयरी बूथों का रंग गुलाबी रखने का प्रस्ताव भी आया।

## जरूरी खबर

### ईवीएम-वीवीपैट के प्रदर्शन से किया वोटर्स को जागरूक



**जयपुर।** मतदान के लिए प्रेरित करने एवं मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन एवं वीवीपैट का प्रदर्शन किया जा रहा है। कलक्ट्रेट के एकल खिड़की केन्द्र पर आयोजित ईवीएम एवं वीवीपैट के प्रदर्शन का जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद आमजन से भी संवाद किया। प्रदर्शन के दौरान कोई भी व्यक्ति मतदान केन्द्र पर पहुंच कर ईवीएम एवं वीवीपैट कार्यप्रणाली तथा मतदान प्रक्रिया की संपूर्ण जानकारी ले सकता है। अगर किसी व्यक्ति को अपने मतदान पहचान पत्र या मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की समस्या है तो वह संबंधित निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी कार्यालय में सम्पर्क कर सकता है।

### नर्सिंग ऑफिसर नीरज तंबोलिया को अवॉर्ड



**जयपुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जेके लोन अस्पताल में कार्यरत सीनियर नर्सिंग ऑफिसर नीरज तंबोलिया को नर्सिंग क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाभाव के लिए राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल अवार्ड-2022 से सम्मानित किया। नई दिल्ली में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति मुर्मू ने देशभर में उत्कृष्ट सेवा देने वाले नर्सिंग कर्मियों को सम्मानित किया। तंबोलिया को 31 वर्ष के सेवाकाल के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतरीन काम करने, रोड एक्सीडेंट में घायल लोगों को बचाने, आईसीयू में शॉर्ट सर्किट से लगी आग से रोगियों को निकालने के साथ-साथ स्वास्थ्य शिक्षा के कार्यों में लगातार सहयोग देने के लिए यह अवॉर्ड दिया गया है।

**बिजली कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन,** 13 सूत्री मांग पत्र सौंपकर दी चेतावनी

# सात दिन में करें ओपीएस में सुधार, नहीं तो बड़ा आंदोलन

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विद्युत तकनीकी कर्मचारी एसोसिएशन के तत्वावधान में राजस्थान राज्य के विद्युत निगम के कर्मचारियों ने गुरुवार को अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।

विद्युत भवन के सामने प्रदर्शन में आरवीयूएनएल, आरवीपीएनएल, जेवीवीएनएल, एवीवीएनएल और जेडीवीवीएनएल के कर्मचारी शामिल हुए। एक दिवसीय सांकेतिक धरने में पांचों कंपनियों के हजारों की संख्या में तकनीकी सहायकों ने एवं हेल्परो ने भाग लिया।

**प्रमुख सचिव ने दिया आश्वासन मांगों पर जल्द होगा निर्णय**



### खामियां सुधार कर राज्य कर्मियों के अनुसार कर देंगे

प्रदर्शन के बाद एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष पृथ्वीराज गुर्जर के नेतृत्व में 6 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने प्रमुख शासन सचिव भास्कर ए सावंत से सचिवालय में वार्ता की। वार्ता में मंडल ने सचिव को 13 सूत्री मांग पत्र सौंपा। प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि वर्तमान में ओपीएस में कुछ खामियों को सुधार करके शीघ्र राज्य सरकार के कर्मचारियों के अनुसार कर दी जाएगी। आगामी दिनों में तीनों वितरण कंपनियों को एक करने की योजना बनाई जा रही है। जयपुर की तर्ज पर अजमेर और जोधपुर में भी डेट ऑफ जॉइनिंग से 240 एवं 2800 ग्रेड पे फिक्सेशन शीघ्र किया जाएगा। ए पार्टी टीम एवं जीएसएस संचालन में ठेकेदार मुक्त कर शीघ्र भर्ती कर उन्हें स्थाई किया जाएगा।

### विद्युत कर्मचारियों की ये हैं प्रमुख मांगें

- पुरानी पेंशन योजना का विकल्प चुनने वाले राजस्थान राज्य के विद्युत निगमों के कार्मिकों के पेंशन निधि खातों (ईपीएस योजना-1995) में जमा हुए नियोक्ता अंशदान की कुल राशि/फण्ड को चक्रवृत्ति ब्याज सहित विधुत निगम कार्मिकों से वसूलने की कार्रवाई को तत्काल रोका जाए।
- छत्तीसगढ़ की तर्ज पर राजस्थान ऊर्जा विभाग का गठन किया जाए।
- विद्युत निगमों में दिसंबर 2015 में हुई टूल डाउन हड़ताल से पीड़ित प्रसारण निगम के कर्मचारियों के विरुद्ध की गई समस्त दमनात्मक कार्रवाई को निरस्त करवाया जाए।
- नए केडर का ऑप्शन ले चुके टेक्नीकल हेल्पर कर्मचारियों के 2400 एवं 2800 ग्रेड पे फिक्सेशन डेट ऑफ जॉइनिंग से किए जाएं।
- हेल्पर द्वितीय की ग्रेड पे1750 या 1850 से बढ़ाकर 2000 की जाए या स्केल नं.4 दी जाए।
- आरजीएचएस स्कीम को विधुत निगमों में भी राज्य सरकार के अन्य विभागों के समान तरीके से लागू किया जाए।
- 7. निगम के बिजली कर्मचारियों को अति आवश्यक सेवाओं के विभाग और भारतीय रेलवें की भांति हार्ड ड्यूटी अलॉउन्स राशि दिलवाई जाए एवं बिजली कर्मचारियों के लिए बिजली फ्री की जाए।

**निगम विवाद:** जलदाय मंत्री महेश जोशी के प्रयास लाए रंग

# रंधावा के भरोसे पर महापौर ने दस दिन किया धरना स्थगित

**मुनेश गुर्जर बोलीं** - अतिरिक्त आयुक्त राजेन्द्र वर्मा पर कार्रवाई नहीं हुई तो फिर बैठेंगे धरने पर

**बेधड़क** | जयपुर

बीट पत्रावली को लेकर हुए महापौर और अतिरिक्त आयुक्त विवाद में कांग्रेस प्रभारी सुखविंदर सिंह रंधावा से मिले आश्वासन के बाद गुरुवार को महापौर मुनेश गुर्जर ने 10 दिन के लिए धरना स्थगित कर दिया है।

गौरतलब है कि महापौर मुनेश गुर्जर कांग्रेस और निर्दलीय पार्षदों के साथ अतिरिक्त आयुक्त राजेंद्र वर्मा को निलम्बित कराने के लिए निगम मुख्यालय पर धरना दे रही थीं। मामले में अतिरिक्त आयुक्त राजेन्द्र वर्मा की ओर से दी गई शिकायत के बाद से ही महापौर राजेन्द्र वर्मा के खिलाफ कार्रवाई को लेकर दवाब बनाने में लगी थीं। इसी के तहत बुधवार को महापौर ने कांग्रेस प्रभारी रंधावा, प्रदेश अध्यक्ष गोविंद डोटासरा से मुलाकात की थी। इस पर प्रभारी ने महापौर गुट को गुरुवार दोपहर मिलने का समय दिया था।



**जोशी रहे सबसे ज्यादा सक्रिय, बाकी विधायकों ने बनाई दूरी**

सात दिन पहले शुरू हुए विवाद को लेकर सबसे ज्यादा सक्रिय मंत्री महेश जोशी ही नजर आए। मामले की गम्भीरता को देखते हुए जोशी धरने के पहले दिन ही निगम मुख्यालय में पहुंचे थे और पार्षदों को समझाने की कोशिश की। उसके बाद बुधवार को भी फिर धरने में पहुंच सभी को पार्षदों को जनहित में धरना खत्म करने की अपील की। गुरुवार को भी प्रभारी से मीटिंग होने के बाद वे सीधे निगम मुख्यालय गए और पार्षदों से प्रभारी के आश्वासन पर विचार करने की बात की, जबकि मंत्री प्रताप सिंह, विधायक अमीन कागजी और रफीक खान ने इस मामले से दूरी बनाए रखी। उनके क्षेत्र से आने वाले पार्षद भी धरने में नदारद दिखे। दोनों विधायकों के दूरी बनाने से अल्पसंख्यक पार्षदों में नाराजगी भी दिखाई दी। उनका कहना था कि ये लड़ाई हमारे स्वाभिमान की थी। विधायकों के इस तरह से भेदभाव करने से जनता के बीच भी गलत संदेश जाता है।

### रंधावा ने धारीवाल से की बात, दो दिन का आश्वासन

गुरुवार को महापौर और पार्षदों ने राजेन्द्र वर्मा के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए प्रभारी को विस्तृत रिपोर्ट दी और वर्मा को निलम्बन की मांग की। इस पर प्रभारी रंधावा ने यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल से फोन पर बात की। धारीवाल के उदयपुर दौरे पर होने के कारण रंधावा ने मामले में दो दिन निर्णय करने का आश्वासन दिया और धरना खत्म करने की बात कही। इस पर महापौर मुनेश गुर्जर ने पार्षदों से चर्चा के बाद धरना 10 दिन के लिए स्थगित करने की घोषणा कर दी। महापौर ने कहा कि आने वाले दिन में ईद त्यौहार को देखते हुए और प्रभारी रंधावा के ठोस आश्वासन के बाद हम सब ने धरना स्थगित करने का फैसला किया है। अगर हमारी मांगों पर सुनवाई नहीं हुई तो दस दिन बाद फिर से धरना दिया जाएगा।

**तबादलों को लेकर ज्ञापन सौंपा**

# शिक्षकों ने खरगे और राहुल से मिलने का मांगा समय



**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत संघ की ओर से गुरुवार को तृतीय श्रेणी अध्यापक तबादलों को लेकर कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा व सह प्रभारी अमृता धवन को तबादला शुरू करने के लिए ज्ञापन दिया।

प्रदेश प्रवक्ता डॉ. रनजीत मीणा ने सुखजिंदर सिंह रंधावा से तृतीय श्रेणी अध्यापक तबादलों को लेकर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे व कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मुलाकात के लिए समय दिलवाने का अनुरोध किया। इससे तृतीय श्रेणी अध्यापक अपनी बात खुद खरगे और राहुल गांधी से रख सकें और अपनी पीड़ा बता सकें। डॉ. मीणा ने अलग से भी मलिकार्जुन खरगे कार्यालय से मिलने के लिए समय मांगा है। इसके अलावा दिल्ली यूनिवर्सिटी के पूर्व अध्यक्ष तेलंगाना के सह प्रभारी रोहित चौधरी को भी ज्ञापन देकर लंबित तबादले खुलवाने का ज्ञापन दिया, जिसे रोहित चौधरी ने तुरंत राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर रंधावा के पीए और राजस्थान मुख्यमंत्री कार्यालय को तबादला रोक हटाने का अनुरोध किया।

मीणा का कहना है कि जुलाई माह के पहले सप्ताह में खरगे व दूसरे या तीसरे सप्ताह में राहुल गांधी से प्रदेश अध्यक्ष गिरिराज शर्मा संगठन मंत्री चंद्रभान चौधरी, राकेश प्रजापति सहित संगठन के लोग दिल्ली में मुलाकात करेंगे। इधर शिक्षा मंत्री बीडी कल्ला का कहना है कि प्रदेश में तबादलों पर रोक है, जब ये खुलेंगे तब इस पर विचार किया जाएगा।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**चक्रवात का असर थमा,** मौसम ने दिखाए कई रूप

# सुबह भीगी, दिन गर्म, रात में वर्षा

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी में मौसम ने दिनभर अलग- अलग रूप दिखाए। जहां सुबह जागते ही जयपुराइट्स को रिम-झिम बरसात दिखी तो दिन में तेज गर्मी ने पसीने छुड़ा दिए। शाम को मौसम ने फिर करवट ली और देर रात तक कई जगह बरसात हुई। शाम को तापमान में 4 डिग्री तक गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार यहां दिन में 2.8 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई। दूसरी तरफ गुलाबी नगरी में सुबह तापमान 27 डिग्री था, जो 10 बजे तक 30 डिग्री पर रुका रहा, दिन में 4 बजे यहां अधिकतम तापमान सामान्य से 3.4 कम 35.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। वहीं, शाम को हुई बारिश के बाद यह गिरकर वापस 30 डिग्री के नजदीक दर्ज हुआ। प्रदेश के पूर्वी जिलों दौसा भरतपुर और अलवर समेत आधा दर्जन जगहों पर सुबह और शाम के समय बारिश हुई।



**जेडीए ने छः अवैध कॉलोनियां तोड़ीं,** 6 भूखंडों से हटाया अतिक्रमण

# कब्जा हटाते ही अपनी जमीन बता 2 पक्ष भिड़े

**बेधड़क** | जयपुर

जेडीए ने जोन 3 लालकोठी योजना में 25 करोड़ की कीमत के 6 भूखण्डों को अतिक्रमण मुक्त करवाया। कब्जा हटने के बाद दो पक्ष इस जमीन पर कब्जा लेने के पहुंचे और अपनी-अपनी बताते हुए आपस में भिड़ गए। दोनों ने जेडीए की ओर से लगाए गए बोर्ड हटा दिए। इसके बाद जेडीए ने इस भूखंड की तारबंदी कर बोर्ड दोबारा लगाने के आदेश जारी किए। इसके अलावा जेडीए जोन 13 में निजी खातेदारी की करीब 20 बीघा कृषि भूमि पर बनाई जा रही 6 नई अवैध कॉलोनियां ध्वस्त कीं। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी ने बताया कि जोन 3 के क्षेत्र अधिकार में मुख्य विधानसभा रोड सहकार मार्ग पर स्थित लालकोठी योजना में जेडीए स्वामित्व के भूखण्ड संख्या- सी.127, सी.128, ई.243, ई.244, ई.245 व ई.246 कुल 6 भूखंडों पर अवैध अतिक्रमण किया गया था। दूसरी तरफ जोन-13 की कस्बा बस्सी में स्टेडियम के सामने करीब 6 बीघा और 5 बीघा कृषि भूमि पर कॉलोनी बसाने का प्रयास विफल किया।



इसके अलावा दो बीघा भूमि पर बिना अनुमति की अवैध कॉलोनी ध्वस्त की। जयपुर-आगरा हाईवे से करीब 100 मीटर अंदर 3 बीघा जमीन पर और 2 किलोमीटर अंदर ग्राम रघुनाथपुरा में भी 2 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर बसाई जा रही नई कॉलोनी को ध्वस्त किया गया।

**चार योजनाओं को मिला राजस्थान लीडरशिप अवॉर्ड**

# आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

**बेधड़क** | जयपुर

'द एशिया एचआरडी कांग्रेस' की ओर से गुरुवार को राजस्थान हाउसिंग बोर्ड के आयुक्त पवन अरोड़ा को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड दिया गया। इसके अलावा मंडल द्वारा निर्मित कोचिंग हब, एआईएस रेजिडेंसी, जयपुर चौपाटी और मुख्यमंत्री जन आवास योजना को भी 4 पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

इनमें कोचिंग हब को इनोवेटिव प्रोजेक्ट ऑफ द ईयर, एआईएस रेजीडेंसी को बेस्ट इनोवेशन इन प्रोडक्ट डिजाइन, मुख्यमंत्री जन आवास योजना के तहत बन रहे फ्लैट्स को डवलपर ऑफ द ईयर (एफोर्डिंग हाउसिंग) और



जयपुर चौपाटी को डवलपर ऑफ द ईयर (रिटेल) की श्रेणी में सम्मानित किया गया।

### चार साल में मंडल को मिले 27 सम्मान

गौरतलब है कि आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा की अगुवाई में पिछले चार वर्षों में मंडल को 27 अवॉर्ड मिल चुके हैं। इनमें मकान विक्रय में वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्डस, स्कॉच अवार्ड-2021, अवार्ड ऑफ एक्सीलेन्सी, नेशनल रियल एस्टेट डवलपमेंट काउंसिल द्वारा सम्मान, नेशनल हाउसिंग अवॉर्ड, आईबीसी और 'स्टार ऑफ गवर्नेंस-गोल्ड अवॉर्ड' और नरेडको द्वारा दिए 'रियल एस्टेट कॉन्क्लेव', 'ओएमजी-बुक ऑफ रिकॉर्डस' अवॉर्ड शामिल हैं। इधर, अरोड़ा ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिला उद्यमियों को भी सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया।



*आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिला उद्यमियों को सम्मानित किया।*

### मजबूत टीम से ही हुआ संभव

इस मौके पर अरोड़ा ने कहा कि बेहतर लीडरशिप के साथ टीम का मजबूत होना भी बेहद जरूरी है। मंडल के अधिकारियों और कार्मिकों की टीम ने विगत 4 वर्षों में वह कर दिखाया जो पिछले कई दशकों में संभव नहीं हो पाया। मंडल के खाते में लगातार सम्मान और पुरस्कारों का आना मंडल की आमजन के प्रति प्रतिबद्धता व मेहनत को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि पुरस्कारों का यह सिलसिला लगातार चलता रहेगा।

## जरूरी खबर

### दीक्षांत परेड में जवानों ने दिखाए हैरतअंगेज करतब



**झालावाड़।** जिले के झालरापाटन स्थित पुलिस ट्रेनिंग स्कूल में गुरुवार को आरक्षी प्रशिक्षुओं का दीक्षांत परेड समारोह आयोजित हुआ। इसमें पुलिस महानिरीक्षक मानवाधिकार किशन सहाय मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने परेड की सलामी ली और नव प्रशिक्षु 150 आरक्षी को जनसेवा की शपथ दिलाई। इस दौरान व्यायाम प्रदर्शन, पीटी सहित जवानों ने कई तरह के हैरतअंगेज करतब दिखाए। प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले जवानों को पुरस्कृत भी किया गया। परेड कमांडर ने प्रतिवेदन और रिपोर्ट प्रस्तुत की।

### नाबालिग से रेप मामले में दो फुफेरे भाई गिरफ्तार

**उदयपुर।** जिले में 11 साल की नाबालिग से गैंगरेप के मामले में पुलिस ने दो नाबालिग आरोपियों को हिरासत में लिया है। अंबामाता थाना पुलिस ने दोनों आरोपियों को बाल कल्याण समिति के सामने पेश किया गया, जहां से दोनों को संप्रेक्षण गृह भेज दिया। घटना 14 जून की है। राजसमंद निवासी नाबालिग उदयपुर में बुआ के यहां आई हुई थी। जहां पर उसकी बुआ के 13 और 15 वर्ष के बेटों ने मासूम से गैंगरेप किया। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे तो मामले का खुलासा हुआ। 13 जून को पीड़िता की मां का एमबी हॉस्पिटल में ऑपरेशन होना था। परिजन उसे उसकी बुआ के यहां छोड़ गए थे।

### तालाब में डूबने से एक परिवार के 2 बच्चों की मौत



**राजसमंद।** जिले में बार थाना क्षेत्र में तालाब में डूबने से एक ही परिवार के दो बच्चों की मौत हो गई। बार थाना सर्कल के चेनपुरा गांव के एक ही परिवार के दो बच्चे बकरियां चराने गए थे। इस दौरान एक बच्चे का पैर फिसलने के बाद वो पानी में गिर गया। उसे बचाने के लिए उसका भाई भी पानी में उतर गया। पानी गहरा होने के कारण देखते ही देखते दोनों बच्चे डूब गए। पुलिस ने दोनों के शव बाहर निकलवाए। जानकारी के अनुसार चेनपुरा गांव के देवेंद्र सिंह रावत (13) पुत्र नरपत सिंह रावत व तरूण सिंह (10) पुत्र घनश्याम सिंह रावत बकरियों को लेकर गांव के तालाब की तरफ गए थे।

**अनाथ बच्चों की सुनो पुकार:** महंगाई राहत शिविर में पांच बच्चों ने लगाई अभिभावक नियुक्त करने की गुहार

# मां प्रेमी संग भागी, पिता की बीमारी से मौत, बच्चे हुए अनाथ

**बेधड़क** | दौसा

राज्य सरकार की ओर से आयोजित किए जा रहे महंगाई राहत शिविर में एक अजीब मामला सामने आया है। इसमें पांच बच्चों ने अपने लिए अभिभावक नियुक्त करने की गुहार लगाई है।

बच्चों ने अपने ताऊ के साथ शिविर में पहुंचकर शिविर प्रभारी को आवेदन सौंपा। दरअसल ये बच्चे दौसा के मंडावर थाना इलाके के एक गांव के रहने वाले हैं। बच्चों की मां अपने प्रेमी संग भाग गई वहीं उनके पिता की बीमारी से मौत हो चुकी है। ऐसे में अब उनका ताऊ बच्चों का पालन-पोषण कर रहा है। शिविर में आए बच्चों ने शिविर प्रभारी से कहा, हम चार बहनें और एक भाई हैं। हमारा पापा मर गया है। मम्मी भाग गई है। हमारे खाने-पीने की कोई व्यवस्था नहीं है। हमें मम्मी-पापा की बहुत याद आती है। गुरुवार को ये बच्चे अपने ताऊ रमेश मीणा के साथ दौसा में चल रहे महंगाई राहत शिविर में पहुंचे। उन्होंने तहसीलदार जय सिंह चौधरी को ज्ञापन सौंपा।

बच्चों ने सरकार से अपने लिए अभिभावक नियुक्त करने की मांग की है। उधर बच्चों की मां के खिलाफ लापरवाही बरतने और बच्चों को अनाथ हालत में छोड़ने को लेकर मंडावर थाने में मामला दर्ज कराया गया है।



पति की मौत के बाद बच्चों की मां सरकारी फायदे उठाने के लिए वापस बच्चों के पास आ गई और आठ महीने उनके साथ रही। वह 8 महीने बच्चों के पास रुकी। इसके बाद 11, 10, 9 और 7 साल की बेटियों और 4 साल के बेटे को छोड़कर भाग गई।

### मां ने लिया सरकारी योजनाओं का लाभ, बाद में बच्चों को छोड़ा

बच्चों की मां पति की मौत के बाद वापस घर आ गई और सरकारी सुविधाओं और योजनाओं का लाभ लेने के लिए कुछ महीने बच्चों के साथ रही। जब उसे योजनाओं की राशि और सुविधा मिल गई तो वह वापस बच्चों को छोड़कर अपने प्रेमी संग रहने लगी। बच्चों के ताऊ मंडावर क्षेत्र निवासी रमेश मीणा ने बताया उनका भाई टीकाराम बीमार रहता था। उसकी पत्नी अपने प्रेमी के साथ भाग गई थी। डेढ़ साल बाद 14 जुलाई 2021 को भाई की मौत हो गई। भाई की मौत के एक महीने बाद भाभी वापस लौट आईं। उसने भाई का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाया और खुद की पेंशन बंधवा ली। पालनहार योजना में भी बच्चों का हवाला देकर लाभार्थी बन गई। इसके अलावा प्रधानमंत्री योजना के तहत उसे 2 लाख रुपए भी मिल गए।

### बच्चों की मां के खिलाफ कार्रवाई की मांग

बच्चों के ताऊ रमेश ने बताया कि भाभी के घर छोड़कर जाने के बाद उसकी तलाश की। इस दौरान पता चला कि वह जिले में ही नजदीकी गांव में एक युवक के साथ रह रही है। रमेश का कहना है कि भाई की मौत के बाद बच्चों के पालन पोषण की जिम्मेदारी उनकी मां की है। उसे जिसके साथ रहना है रहे, लेकिन इन बच्चों की देखभाल नहीं करना अपराध है, उसके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। उसने कहा कि बच्चों की मां को वापस लाने के लिए कई बार पुलिस थाने में गुहार लगाई, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। अब महंगाई राहत शिविर में ज्ञापन दिया है।

**दादागिरी...** सड़क पर चलने के भी पैसे, टिकट लेने पर ही एंट्री

# प्रशासन की नींद लगते ही शुरू होती है भक्तों से अवैध वसूली

■ एंट्री व पार्किंग के नाम पर ले रहे 100-100 रुपए

**बेधड़क** | सीकर

खाटूश्यामजी में भक्तों से अवैध वसूली की जा रही है। इतना ही नहीं जब किसी भक्त द्वारा इस वसूली का विरोध किया जाता है, खुलेआम दादागिरी देखने को मिल रही है। इधर भक्त पहले खाटूश्यामजी में एंट्री के लिए सौ रुपए का चार्ज दे रहे हैं फिर इन्हें पार्किंग के नाम भी 100 रुपए का बिल थमाया जा रहा है। हालांकि यह सब खेल रात 8 बजे बाद शुरू होता है।

दूसरी तरफ एंट्री करवाने के लिए ली जा रही 100 रुपए की राशि का तो कोई हिसाब ही नहीं है। इसके बदले भक्तों को कई बार तो पर्ची तक नहीं दी जा रही है। गौरतलब है कि खाटूश्यामजी में प्रदेश ही नहीं देशभर से भक्त दर्शन के लिए आते हैं। इनमें अधिकतर बाबा के दरबार तक या तो खुद की या किराए की गाड़ी लेकर आते हैं। इधर दूरदराज से आए भक्तों के साथ हो रही इस अवैध वसूली से प्रदेश की छवि तो खराब हो ही रही है वहीं उनके मन में प्रशासन की भी छवि धुमिल हो रही है। खाटूश्यामजी में यह अवैध वसूली का खेल अधिकतर दशमी, एकादशी, द्वादशी, शनिवार और रविवार के दिन चलता है।

इन दिनों यहां आने वाले भक्तों में अधिकतर राजस्थान से बाहर के होते हैं, जिनको इस अवैध वसूली के बारे में पता ही नहीं होता, लेकिन जब यहां कोई स्थानीय लोग दर्शन के लिए जाते हैं तो वे इसके खिलाफ आवाज उठाते हैं तो लड़ाई-झगड़े तक की नौबत आ जाती है। इन पांच दिनों में अधिकतर भक्त परिवार के साथ अपने खुद के वाहन से आते हैं, जो यहां रात में पहुंचते हैं।



### नगरपालिका के नाम पर दो बार वसूली



नागौर निवासी श्रद्धालु काजल शर्मा ने बताया कि वह परिवार के साथ खाटूश्यामजी आई है। कस्बे में प्रवेश करने से पहले ही कुछ लोगों ने गाड़ी रोककर नगर पालिका के नाम पर 100 रुपए का चार्ज वसूला। इसकी उन्होंने पर्ची तो दी, लेकिन उसके बदले कोई सुविधा नहीं मिली। आगे जाने पर फिर नगरपालिका वालों ने पार्किंग के नाम पर रुपए वसूल लिए। इसके अलावा जब यहां इन लोगों से रुपए लेने के बारे में पूछा तो वे बदतमीजी पर उतर आए।

### पर्ची मांगी तो की बदतमीजी



करौली जिले के निवासी नन्द चतुर्वेदी खाटूश्याम जी दर्शन के लिए एकादशी के मौके पर गए। इनको यहां पहुंचने में रात के करीब 9 बज गए। रींगस से खाटूश्यामजी रोड पर खाटू कस्बे से पहले करीब तीन किलोमीटर दूर ही राजस्थान पुलिस की बैरिकेडिंग दिखाई दी, लेकिन यहां कोई पुलिस वाला नहीं था। नगरपालिका के नाम की टी- शर्ट पहने हुए एक लड़का गाडी के पास आया और बोला सौ रुपए निकालो। जब उससे पूछा कि किस बात के 100 रुपए तो उसने यह एंट्री शुल्क बताया। जब उनसे इसकी पर्ची दिखाने की बात की तो बदतमीजी पर उतर आए। परिवार के साथ होने के कारण उन्होंने पैसे देकर निकलना ही उचित समझा।



“ पार्किंग के अलावा अगर किसी भी तरह का दूसरा शुल्क वसूला जा रहा है तो गलत है। इसकी जांच करवाई जाएगी।

**राकेश कुमार,** एसडीएम, खाटूश्यामजी



“ भक्तों से अगर एंट्री के नाम पर अवैध वसूली हो रही है तो प्रशासन को इसके लिए व्यवस्था करनी चाहिए।

**मोहनदास महाराज,** पूर्व अध्यक्ष मंदिर कमेटी, खाटूश्यामजी

### जिम्मेदारों ने नहीं उठाया फोन

नगरपालिका खाटूश्यामजी अधिशासी अधिकारी अरुण कुमार शर्मा से इस मामले में बात करना चाही, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

**धनाऊ थाना के** गांव में हुआ हादसा

# टांके में गिरी भाभी को बचाने कूदा देवर, दोनों की मौत



**बेधड़क** | बाड़मेर

जिले पानी के टांके में गिरने से देवर-भाभी की मौत का मामला सामने आया है। पैर फिसलने से टांके में गिरी भाभी को बचाने देवर भी टांके में कूद गया। इसके चलते पानी में डूबने से दोनों की मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी।

यह घटना बाड़मेर धनाऊ थाना के बामणोर भीलों की बस्ती गांव बुधवार रात को हुई। पुलिस के अनुसार, बामणोर भीलों की बस्ती निवासी लक्ष्मी (19) पत्नी नेनूराम खेत में बने टांके से पानी निकाल कर रही थी। इस दौरान लक्ष्मी का पैर फिसल गया और वह टांके में गिर गई। भाभी को पानी में डूबता देख देवर नरेश कुमार (15) पुत्र सगताराम भी टांके में कूद गया। टांके में ज्यादा पानी होने के कारण दोनों डूब गए। दोनों के चिल्लाने की आवाज सुनकर आस-पास से ग्रामीण पहुंचे।

ग्रामीणों ने दोनों को बाहर निकालने की खूब कोशिश की, लेकिन निकाल नहीं पाए। जानकारी मिलने पर धनाऊ पुलिस मौके पहुंची। ग्रामीणों की मदद से टांके को खाली कराया। इसके बाद रात करीब 10 बजे भाभी-देवर के शवों को बाहर निकाला जा सका

### एक साल पहले हुई थी शादी

परिजनों ने बताया कि महिला की करीब एक साल पहले शादी हुई थी। उसका पति गांव में मजदूरी करता है। वहीं, देवर नरेश भी पढ़ाई छोड़कर गांव में छोटा-मोटा काम कर रहा था। दोनों की मौत के बाद दोनों के घरों में मातम छा गया।

### विश्व ऊंट दिवस पर हुई ऊंटों की दौड़



**बीकानेर।** जिले में गुरुवार को राष्ट्रीय ऊंट अनुसंधान केंद्र में विश्व ऊंट दिवस पर ऊंट दौड़ आयोजित हुई। इसमें शामिल होकर ऊंट पालकों ने दौड़ को जीतने का जज्बा दिखाया। **पीटीआई फोटो**

**नशे पर नकेल:** नाकाबंदी में चार तस्कर गिरफ्तार, कार जब्त

# कार डिग्गी से 1.70 करोड़ की अफीम जब्त

**बेधड़क** | झालावाड़।

जिले में पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए नशे की बड़ी खेप पकड़ी है। झालावाड़ जिले की भवानीमंडी थाना पुलिस ने 1.70 रुपए की अवैध अफीम जब्त की है।

पुलिस ने अफीम की तस्करी करते चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। वहीं तस्करों से एक कार भी बरामद की है। झालावाड़ एसपी रिचा तोमर ने बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थ तस्करी की रोकथाम के साथ, वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान भवानी मंडी थाना क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान एक कार की तलाशी ली गई। इस दौरान 16 किलो 670 ग्राम अफीम बरामद की गई। इसकी अंतरराष्ट्रीय कीमत 1 करोड़ 70 लाख रुपए बताई गई है पुलिस ने कार में अफीम की तस्करी कर रहे चारों आरोपी दिनेश लुहार पुत्र देवीलाल निवासी गुराडिया जोगा, मुकेश लुहार पुत्र कैलाश चंद निवासी गुराडिया जोगा, मेहरबान बागरी पुत्र मोहनलाल निवासी लोलडा और कृष्ण कुमार बागरी पुत्र रामचंद्र लोलडा को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है और अब उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि वे तस्कर अफीम कहां से लाए थे और कहां ले जा रहे थे।



पुलिस की तत्परता से पकड़े गए आरोपी

# नौकर ही निकला सूत्रधार, 24 घंटे में किया 31 लाख की लूट का खुलासा

**बेधड़क** | कोटा

जिले में बुधवार को एक व्यापारी से हुई 31 लाख रुपए की लूट का पुलिस ने 24 घंटे में ही खुलासा कर दिया है। पुलिस ने वारदात में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही अन्य आरोपियों के संबंध में आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

गिरफ्तार आरोपियों में घटना का मुख्य आरोपी उधार देने वाले व्यापारी का नौकर ही निकला। पुलिस अब गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश करेगी, जहां से उन आरोपियों की रिमांड मांगी जाएगी। रिमांड मिलने पर ही उससे अन्य आरोपियों के संबंध में भी पड़ताल करेगी। कोटा शहर के एसपी शरद चौधरी ने बताया कि बैग में रुपए लेकर जितेंद्र मेहता सिंधी कॉलोनी रावतभाटा रोड स्थित जिंदल सेल्स से निकला था।

उस पर दुकान से चंद मिनट की दूरी पर ही कुछ लोगों ने पीछे से आकर चाकुओं से हमला कर दिया और बैग छीनकर फरार हो गए थे। इस मामले में कोटा शहर की पुलिस ने मुस्तैदी दिखाई। पुलिस अधिकारियों और साइबर सेल की टीम ने तकनीकी अनुसंधान के बाद दो आरोपियों को नामजद कर गिरफ्तार किया।

इनमें कंसुआ शिव मंदिर के नजदीक रहने वाला विष्णु प्रजापत और उड़िया बस्ती संजय नगर निवासी इनायत हुसैन शामिल था। पुलिस ने इनायत हुसैन से 2.15 लाख रुपए भी बरामद कर लिए हैं, जबकि शेष राशि के बारे में पुलिस द्वारा मुस्तैदी से पड़ताल की जा रही है।



### व्यापारी के नौकर ने ही रची थी लूट की साजिश

कोटा शहर के एसपी शरद चौधरी ने बताया कि वारदात का मुख्य आरोपी विष्णु प्रजापत, जिंदल सेल्स की दुकान पर ही काम करता है। उसे यह भी जानकारी थी कि उसके मालिक नितेश जिंदल से लोग रुपए उधार पैसा लेकर जाते हैं। साथ ही इन रुपयों को एक से दो दिन के बाद वापस लौटाकर भी जाते हैं। इसी संबंध में मालिक नितेश जिंदल दिल्ली गए हुए थे और बुधवार को ही रुपए कोई व्यक्ति को देने थे। ऐसे में विष्णु ने पहले से ही लूट की योजना इरफान नाम के व्यक्ति के साथ मिलकर बना ली थी। साथ ही इस मामले में जितेंद्र के दुकान पर आने के समय इरफान को उसने सूचना भी दे दी थी।

### आरोपी हथियारों से लैस होकर वारदात को अंजाम देने आए थे

इस मामले में वारदात को अंजाम देने के लिए इरफान ने पूरी गैंग बना ली थी। इसमें करीब 5 व्यक्ति शामिल थे। आरोपी लूट की वारदात के लिए हथियारों से लैस होकर आए थे। जितेंद्र के दुकान से बाहर निकलने पर ही चाकू और बंदूक के दम पर पैसा छीन लिया गया। वहीं आरोपियों ने जितेंद्र को चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल भी कर दिया। पुलिस की टीम आरोपियों से लूट की शेष राशि, वारदात में प्रयुक्त वाहन और हथियारों की बरामदगी के प्रयास कर रही है।

### MNIT में 'एनईपी-2020' बैठक में शामिल होंगे उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़

# नई शिक्षा नीति पर शिक्षाविदों और स्टूडेंट्स से संवाद करेंगे उपराष्ट्रपति

बेधड़क | जयपुर

देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शुक्रवार को जयपुर की मालवीय नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी में होंगे। एमएनआईटी में उपराष्ट्रपति शिक्षाविद् संवाद बैठक 'एनईपी-2020' में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस दौरान धनखड़ बैठक में भाग लेने के साथ ही संस्थान के स्टूडेंट्स से भी मिलेंगे। एमएनआईटी निदेशक प्रो. एन पी पाढ़ी ने बताया कि उपराष्ट्रपति शिक्षाविद् संवाद बैठक के दौरान शिक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं और एनईपी-2020 के महत्व पर विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के कुलपतियों, निदेशकों, प्रधानाचार्यों, एमएनआईटी के डीन आदि के साथ चर्चा करेंगे।





## छात्रों से करेंगे इंटरेक्शन

उपराष्ट्रपति संस्थान के विभिन्न कार्यक्रमों के ऐसे छात्रों से रूबरू होंगे जिन्होंने शिक्षा, खेल और उद्यमिता डोमेन में अच्छा प्रदर्शन किया है। छात्रों के साथ उपराष्ट्रपति की चर्चा का यह कार्यक्रम संस्थान परिसर स्थित मालवीय सभागार, प्रभा भवन में आयोजित होगा। बातचीत के दौरान उपराष्ट्रपति एनईपी 2020 और पूरे देश में शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति के बारे में बात करेंगे। छात्र भी एमएनआईटी में एनईपी 2020 के कार्यान्वयन के बारे में विचार साझा करेंगे। एनईपी-2020 में शिक्षा में लचीलापन बढ़ाने और इसे छात्रोन्मुखी बनाने पर जोर दिया जा रहा है, ऐसे में स्टूडेंट्स के सुझाव अहम हो सकते हैं। इसी को देखते हुए उपराष्ट्रपति का स्टूडेंट्स के साथ इंटरेक्शन रखा गया है।

## प्रदर्शनी का होगा उद्घाटन

उपराष्ट्रपति एमएनआईटी जयपुर की ओर से वर्ष पर्यन्त चलने वाले शिक्षा मंत्रालय के फ्लैगशिप कार्यक्रमों की तस्वीरों की प्रदर्शनी का उद्घाटन भी करेंगे। इस प्रदर्शनी में शिक्षा मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं व कार्यक्रमों के तहत एमएनआईटी की ओर से लिए गए इनीशिएटिव का प्रदर्शन किया जाएगा। उपराष्ट्रपति एमएनआईटी परिसर स्थित पंडित मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर परिसर में पौधारोपण भी करेंगे।


## Yuva स्टोरीज




**स्टूडेंट्स ने सीखे योग से निरोग होने के गुर | जयपुर।** दुर्गापुरा स्थित विद्यास्थली विधि महाविद्यालय के छात्र छात्राओं व शिक्षकों ने योग दिवस के उपलक्ष्य में योग कर योग को जीवनशैली से जोड़ने का संकल्प लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के 5 वर्षीय एवं 3 वर्षीय पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं एवं महाविद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षित शिक्षकों ने योग करवाया। योग के विभिन्न आसन, प्राणायाम व ध्यान की क्रियाओं के दौरान स्टूडेंट्स में भारी उत्साह देखने को मिला। छात्र-छात्राओं ने नियमित उपयोग में आने वाले योगासनों का प्रदर्शन किया। साथ ही योग क्रियाओं को करने से मानव शरीर में होने वाली बीमारियों को दूर रखने की महत्ता को समझाया। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संस्था सचिव ने इस योग दिवस को ही योग न करके प्रतिदिन योग करने के लिए छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित किया।



**REET मेंस डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया शुरू | जयपुर।** रीट मेंस लेवल 1 व 2 के सभी रिजल्ट जारी होने के बाद राजस्थान में 48000 पदों पर होने जा रही शिक्षक भर्ती परीक्षा के लिए डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। बोर्ड द्वारा लेवल-1 और लेवल- 2 में शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थी 30 जून तक ऑनलाइन डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए अप्लाई कर सकते हैं। इसके बाद आगामी प्रक्रिया के लिए बोर्ड की ओर से नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा जिसके आधार पर उम्मीदवारों को पोस्टिंग मिलेगी। लेवल-1 और लेवल-2 के शॉर्टलिस्ट अभ्यर्थी अपनी एसएसओ आईडी में रिक्रूटमेंट पोर्टल पर जाकर डॉक्यूमेंट वैरिफिकेशन के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए 100 रुपए शुल्क के रूप में चुकाने होंगे। अभ्यर्थी ऑनलाइन विस्तृत आवेदन की प्रक्रिया पूरी कर इसकी दो प्रति व जमा फीस की प्रति प्रिंट कर दस्तावेज सत्यापन के लिए अपने साथ लाएंगे।




**IBPS के आवेदन अब 28 तक | जयपुर।** इंस्टिट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सनल सलेक्शन (IBPS) ने आरआरबी भर्ती-2023 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि को 28 जून तक बढ़ा दिया है। पहले इस परीक्षा के लिए 21 जून तक ही आवेदन किए जा सकते थे। गौरतलब है कि आईबीपीएस की इस परीक्षा के जरिए क्लर्क, पीओ सहित 9053 पदों पर भर्ती की जाएगी। इस भर्ती अभियान के माध्यम से क्लर्क के 5538 पद, पीओ के 2485 पद, ऑफिसर स्केल-2 के 332 पद, ऑफिसर स्केल-2 आईटी के 68 पद, ऑफिसर स्केल-2 सीए के 21 पद, ऑफिसर स्केल-2 लॉ ऑफिसर के 24 पद, ट्रेजरी ऑफिसर स्केल-2 के 8 पद, मार्केटिंग ऑफिसर स्केल-2 के 3 पद, एग्रीकल्चर ऑफिसर स्केल-2 के 60 पद और ऑफिसर स्केल-3 के 73 पद भरे जाएंगे।

**IIT कानपुर देगा स्कॉलरशिप | जयपुर।** आईआईटी कानपुर जेईई-एडवांस्ड के टॉप 100 रैंकर्स के लिए स्पेशल स्कॉलरशिप शुरू करने जा रहा है। यह स्कॉलरशिप 2023-24 में आईआईटी कानपुर के बीटेक या बीएस प्रोग्राम में दाखिला लेने वाले स्टूडेंट को दी जाएगी। इसके तहत हर चयनित छात्र को 3 लाख रुपए सालाना स्कॉलरशिप मिलेगी। इससे स्टूडेंट्स आईआईटी कानपुर में पढ़ाई के दौरान ट्यूशन और निवास सहित सभी खर्चों को कवर किया जाएगा। सिलेक्टेड स्टूडेंट्स को यूजी प्रोग्राम के सभी 4 वर्षों के लिए स्कॉलरशिप दी जाएगी। इस दौरान छात्रों को 8.0 का न्यूनतम सीपीआई बनाए रखना होगा। आईआईटी की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार एक ग्रेजुएट स्टूडेंट अपने चार साल के बीटेक/बीएस प्रोग्राम के दौरान लगभग 12 लाख रुपये खर्च करता है। संस्थान का दावा है कि ट्यूशन फीस, आवास, परिवहन, किताबों से लेकर स्वास्थ्य बीमा तक छात्र की शैक्षिक यात्रा के हर पहलू का स्कॉलरशिप द्वारा ध्यान रखा जाएगा। गौरतलब है कि आईआईटी कानपुर ने पूर्व छात्र लोकवीर कपूर के सपोर्ट से साल 2021 में पहली बार स्कॉलरशिप की शुरुआत की थी। यह स्कॉलरशिप छात्रों को इसलिए दी जा रही है ताकि कोई मेधावी छात्र धन की कमी के चलते अपनी पढ़ाई से वंचित न रहे।

### जयपुर की बेटी को मिली 70 लाख की स्कॉलरशिप

# स्पोर्ट्स टैलेंट का ग्लोबल फेस बनी हमारी भाविनी

बेधड़क | जयपुर

स्पोर्ट्स के लिए डेडिकेशन, दूरदराज के गांवों तक स्पोर्ट्स को पहुंचाने की भावना और अपनी लेखनी से लोगों को मोटिवेट करने की कला। इन क्वालिटीज के साथ जयपुर की एक युवा स्टूडेंट ने अपनी ग्लोबल पहचान बना ली है। ये स्टूडेंट हैं भाविनी भार्गव। छोटी सी उम्र में बहुत सारी उपलब्धियां अर्जित करने वाली भाविनी की ताजातरीन उपलब्धि है ऑस्ट्रेलिया की डीकिन यूनिवर्सिटी से 70 लाख रुपए की स्कॉलरशिप हासिल करना। विश्वप्रसिद्ध डीकिन यूनिवर्सिटी की ओर से भाविनी को 70 लाख रुपए की डीकिन राजस्थान रॉयल्स 100% वाइस चांसलर्स स्कॉलरशिप दी गई है जिसके जरिए वे यूनिवर्सिटी से बैचलर इन स्पोर्ट्स मैनेजमेंट कोर्स कर रही हैं।

इस स्कॉलरशिप के लिए कई चरणों की परख के बाद दुनियाभर के कुछ युवाओं का चयन किया जाता है। इस सेशन में इस स्कॉलरशिप के लिए भारत से मात्र दो स्टूडेंट्स का चयन किया गया है जिनमें से एक भाविनी हैं।

भाविनी फिलहाल डीकिन यूनिवर्सिटी की स्पोर्ट्स एंबेसेडर भी हैं। भाविनी के जयपुर के डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ. पुनीत भार्गव व डॉ. सीमा भार्गव की बेटी हैं। उनका मानना है कि विदेश में पढ़ने वाले भारतीय युवा वहां देश के प्रतिनिधि होते हैं। उन्हें अपने कामों से देश का नाम रोशन करना चाहिए ।

## ऑस्ट्रेलिया की डीकिन यूनिवर्सिटी ने दी स्कॉलरशिप




### गांवों की लड़कियों को किया जागरूक

राजस्थान के एनजीओ वसुधा जन विकास संस्थान के 'आओ गांव से जुड़ें' प्रोजेक्ट के तहत इंटर्नशिप के दौरान भाविनी ने गांवों की बालिकाओं को खेलों से जोड़ने के लिए काम किया है। खेलों में नए जॉब्स की संभावनाओं के प्रति ग्रामीण बालिकाओं का मार्गदर्शन किया है। अलवर के कई गांवों की लड़कियों में उन्होंने खेलों के प्रति रुचि जगाई। संस्थान की डायरेक्टर मोना शर्मा ने बताया कि देश को गौरवान्वित करने वाली भाविनी जैसी बहुमुखी प्रतिभा का हमारे एनजीओ से जुड़ना हमारे लिए भी गौरव की बात है। डीकिन स्कॉलरशिप मिलने के पीछे गांवों की लड़कियों को स्पोर्ट्स से जोड़कर उनका जीवन बदलने की उनकी मंशा और प्रयास की बड़ी भूमिका रही है।

### एजुकेशन के साथ खेलों में गाड़े झंडे

अपने स्कूल में बोर्ड टॉपर रही भाविनी क्रिकेट, बैडमिंटन, एथलेटिक्स व साइक्लिंग के कई नेशनल टूर्नामेंट खेल चुकी हैं। वे छह बार नेशनल बैडमिंटन खेल चुकी हैं और डबल्स की टॉप-20 इंडिया रैंकिंग में शामिल हो चुकी हैं। साथ ही बीसीसीआई नेशनल टूर्नामेंट में राजस्थान क्रिकेट टीम की ओर से खेल चुकी हैं।

### ऑस्ट्रेलिया में बनीं मोटिवेशन फेस



ऑस्ट्रेलिया में भारतीय स्टूडेंट्स को अपने काम से मोटिवेट करने के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भाविनी को भारत और ऑस्ट्रेलिया में एजुकेशन कोलैबरेशन का मोटिवेशन फेस चुन चुके हैं। भाविनी इस सम्मान को एक बड़ी जिम्मेदारी मानती हैं।

### बेस्ट सेलर ऑथर, बेस्ट अपकमिंग राइटर

भाविनी की इंग्लिश पोएम बुक 'अनहियर्ड' अमेजन की बेस्ट सेलिंग बुक है और इससे भाविनी अमेजन की बेस्ट सेलिंग बुक राइटर बन चुकी हैं। इस बुक में उन्होंने अपनी रचनाओं के जरिए बताया है कि जीवन में उतार-चढ़ावों से कैसे पार पाया जा सकता है। गत दिनों डीकिन यूनिवर्सिटी की ओर से यह बुक राजस्थान रॉयल्स क्रिकेट टीम, ऑस्ट्रेलियन हाई कमीशन के दिल्ली में साउथ एशिया के मिनिस्टर काउंसलर (एजुकेशन एंड रिसर्च) मैथ्यू जॉनसन, डीकिन यूनिवर्सिटी की ग्लोबल वाइस प्रेसीडेंट व सीईओ (साउथ एशिया) रवनीत पाहा, डॉ. पुनीत भार्गव, डॉ. सीमा भार्गव और वसुधा जन विकास संस्थान की डायरेक्टर मोना शर्मा द्वारा लॉन्च की गई थी। इस अवसर पर भाविनी ने ऑस्ट्रेलिया से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए यह पुस्तक लिखने के पीछे की प्रेरणा को साझा किया था। इस पुस्तक के लिए भाविनी को फिल्मफेयर मिडिल ईस्ट मैगजीन की ओर से बेस्ट अपकमिंग राइटर का अवॉर्ड भी प्रदान किया गया है। साथ ही 'ऑल इंडिया डॉक्टर्स स्पोर्ट्स ट्रीटमेंट टेबिल्टन ऑफ इंडिया' ने भी भाविनी की पोएम को अपने थीम पेज पर लिया है।



### रिजल्ट जारी, 5 जुलाई तक प्रवेश

# PTET में मनीष, विकास व हिमांशु ने किया टॉप

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान के शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए आयोजित हुए पीटीईटी-2023 में दो वर्षीय पाठ्यक्रम में जोधपुर के मनीष विश्नोई ने राज्य में टॉप किया है। चारी वर्षीय बीएड प्रवेश परीक्षा में विकास पाल जादौन ने प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है और बीएससी बीएड प्रवेश परीक्षा में हिमांशु राज्य में प्रथम आए हैं।

गुरु गोविंद सिंह ट्राइबल यूनिवर्सिटी ने गुरुवार को पीटीईटी का परिणाम किया। इस परीक्षा में सफल कैंडिडेट्स को मैरिट के आधार पर राज्य के शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों के बीएड कोर्सेज में प्रवेश दिया जाएगा। बीएड के लिए चार व दो वर्ष के दो कोर्स होते हैं। गौरतलब है कि जीजीटीयू ने 21 मई को पीटीईटी का आयोजन किया था जिसमें 5 लाख से अधिक कैंडिडेट्स शामिल हुए थे।

### 25 जून से मिलेगा बीएड में एडमिशन

जो कैंडिडेट्स पीटीईटी में सफल हुए हैं उनके लिए बीएड में प्रवेश की प्रक्रिया 25 जून से शुरू होगी और 5 जुलाई तक चलेगी। पीटीईटी प्रवेश परीक्षा के माध्यम से राजस्थान के करीब 1500 कॉलेजों में बीएड में प्रवेश दिया जाएगा। इस एग्जाम में जनरल कैटेगिरी के कैंडिडेट्स को 65 प्रतिशत अंक लाने पर बीएड में एडमिशन मिलेगा। प्रवेश के लिए काउंसलिंग शेड्यूल जल्द ही जारी किया जाएगा।

# पालनहार योजना फेस रिकॉग्निशन एप लॉन्च

**जयपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने गुरुवार को पालनहार योजना के तहत पालनहार फेस रिकॉग्निशन नवीनीकरण मोबाइल एप लॉन्च किया। इस एप से पालनहार द्वारा स्वयं का सत्यापन एवं बच्चों के शैक्षणिक नवीनीकरण की सुविधा मोबाईल के माध्यम से स्वयं के स्तर पर उपलब्ध हो पाएगी। जूली ने कहा कि पालनहार योजना राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजना है। राज्य सरकार द्वारा 7 लाख से अधिक लाभार्थियों को योजना का लाभ दिया जा रहा है।

पालनहार मोबाइल एप के माध्यम से वार्षिक भौतिक सत्यापन/ नवीनीकरण करने के लिए एन्ड्रॉयड मोबाइल, एन्ड्रॉइड टेबलेट पर पालनहार मोबाइल एप व फेस आरडी एप को इंस्टॉल करना होगा।

**विजन** | सड़कों के 'पावर गेम' पर युवा गिरीश राठौड़ के विचार

# राजनेता और धनाड्य बच्चों को सिखाएं नियम पालन

बेधड़क | जयपुर



वर्तमान दौर में कानून को अपने मुताबिक चलाने का चलन देखने में आ रहा है। देखने को मिल रहा है कि राजनेताओं, बड़े सरकारी अधिकारियों, विशेषज्ञ डॉक्टरों, बड़े वकीलों या बड़े व्यापारियों के बच्चे अपनी शक्तियों को लेकर बहुत अभिमानी हो गए हैं और इनके गलत इस्तेमाल से भी नहीं चूकते। अगर शक्तियों के सबसे ज्यादा गलत इस्तेमाल की बात करें तो ये ट्रैफिक नियमों में देखने को मिलते हैं। ये बच्चे इन नियमों को तोड़ना अपना विशेषाधिकार मानने लगे हैं, और जब पुलिस कांस्टेबल या अन्य पुलिसकर्मी चालान काटकर या दूसरी कार्रवाई कर इन्हें कंट्रोल करने की कोशिश करते हैं तो ये उनके साथ बदतमीजी करने लग जाते हैं। पुलिसकर्मियों को सस्पेंड करा देने की धमकी आजकल आम हो गई है। नियम तोड़ने से रोकने वाले पुलिसकर्मियों में भी इस कारण डर का माहौल रहता है और अपनी नौकरी पर दिक्कत आने के डर के चलते वे कार्रवाई करने से बचते हैं।

ऐसे मामलों को देखते हुए हमें सोचना चाहिए कि क्या हमारी समाजिक व्यवस्था में कुछ गड़बड़ी नहीं हो रही है? क्या हमारे नेताओं, अधिकारियों, व्यापारियों, डॉक्टरों और इंजीनियरों जैसे बड़े लोगों के बच्चों को सही मार्गदर्शन नहीं मिल रहा है? क्या आपको अपने बच्चों को सिखाना नहीं चाहिए कि नियमों का पालन सभी के लिए आवश्यक है और यह उनके खुद के लिए भी हितकारक है? यदि हाँ, तो यह समय है कि हम सभी मिलकर इस मुद्दे को गंभीरता से उठाएं। ये बच्चे न सिर्फ अपने जीवन को जोखिम में डाल रहे हैं, बल्कि इसके आधार पर हमारे समाज और देश की सुरक्षा को भी खतरा हो रहा है यदि ऐसा ही चला तो हम एक संघर्षपूर्ण और असुरक्षित समाज में बदल सकते हैं।

### सभी की सुरक्षा के लिए हैं नियम

हमें समझना चाहिए कि नियम केवल आम व्यक्ति के लिए ही नहीं बल्कि सभी के लिए होते हैं। ये नियम सभी की सुरक्षा और कल्याण के लिए होते हैं। हम सभी इन नियमों का पालन करेंगे, तो हमारी सड़कों पर सुरक्षा बढ़ेगी और हम एक अनुशासित और सुरक्षित समाज बना सकेंगे। बच्चों को सही मार्गदर्शन देने के लिए, माता-पिता को जिम्मेदारी महसूस करनी चाहिए। बड़े पद वाले व धनाड्य लोगों को अपने बच्चों को सही संदेश और उदाहरण देने का ध्यान रखना चाहिए। उन्हें स्वयं भी नियमों का पालन करना चाहिए और बच्चों को भी ये सिखाना चाहिए। इसके लिए शिक्षा प्रणाली में भी बदलाव करने की जरूरत है। बच्चों को सिर्फ एकेडमिक ज्ञान नहीं, बल्कि सभ्य और नैतिक मूल्यों के साथ-साथ नियमों के महत्व पर भी शिक्षा देनी चाहिए। स्कूलों में यातायात नीतियों को विशेष ध्यान देकर सिखाना चाहिए।

### पुलिस के प्रति रखें सम्मान

हमें पुलिस कांस्टेबल्स या हवलदारों के प्रति भी सम्मान और समर्थन दिखाना चाहिए। वे न केवल अपनी मेहनत और पढ़ाई के बाद पुलिस कांस्टेबल बनते हैं, बल्कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं। चाहे कड़ाके की ठंड हो या कड़ाके की गर्मी, वे सदैव अपनी ड्यूटी का पालन करने के लिए तत्पर रहते हैं। हालांकि, बहुत से लोग इन पुलिस कांस्टेबलों के पेशे का सम्मान नहीं करते हैं। उनसे बदतमीज़ी करते हैं, उनकी इज्जत नहीं करते और उन्हें सही सम्मान नहीं देते। इसे देखकर हमें शर्म आनी चाहिए, क्योंकि ये पुलिस कांस्टेबल भी इंसान हैं और हमारी सुरक्षा के लिए काम कर रहे हैं। हम सभी नागरिकों को ये समझना चाहिए कि पुलिस की सेवाएं हम सबके लिए महत्वपूर्ण हैं और हमें उनका सम्मान करना चाहिए।

### अफगानिस्तान में तालिबान शासन का भारत पर साइड इफेक्ट

# अधर में तापी गैस पाइपलाइन




अरविंद जयतिलक
स्वतंत्र टिप्पणीकार


संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1988 तालिबान प्रतिबंध समिति से जुड़ी निगरानी टीम की 14वीं रिपोर्ट का यह खुलासा चिंतित करने वाला है कि भारत से जुड़ी तापी (TAPI) गैस पाइपलाइन पर अफगानिस्तान का हक्कानी गुट नियंत्रण करना चाहता है। उल्लेखनीय है कि तापी प्राकृतिक गैस से जुड़ी एक परियोजना है जिसको मूर्त रूप देने पर चर्चा 90 के दशक में प्रारंभ हुई। तुर्कमेनिस्तान ने अपने गैस भंडार से अफगानिस्तान, पाकिस्तान और भारत को गैस सप्लाई करने का प्रस्ताव रखा। यह पाइपलाइन तुर्कमेनिस्तान के गल्किनिश से निकलकर अफगानिस्तान के कंधार-हेरात और पाकिस्तान के क्वेटा-मुल्तान होते हुए भारत के पंजाब राज्य के फजिल्का तक प्रस्तावित है। तापी पाइपलाइन का नाम तुर्कमेनिस्तान, अफगानिस्तान, पाकिस्तान और भारत के पहले अक्षर को जोड़कर बनाया गया। 1814 किमी लंबी प्राकृतिक गैस से जुड़ी इस परियोजना पर 2010 में इंटर-गवर्नमेंटल एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर हुए। मई, 2012 में बायलेटर सेल एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर हुए। 2013 में चारों देशों की सरकारी गैस कंपनी को तापी पाइपलाइन कंपनी का हिस्सेदार बनाया गया। दिसंबर, 2015 में तुर्कमेनिस्तान में इस परियोना पर काम शुरू हुआ और 2019 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया।

एशियन विकास बैंक के द्वारा प्रदान की गयी आर्थिक सहायता के माध्यम से इस पाइपलाइन को आकार दिया जा रहा है। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण तथ्य यह कि भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव और अफगानिस्तान में तालिबान के शासन स्थापित होने के बाद से ही यह परियोजना खटाई में पड़ गयी है। गौर करें तो आतंकवादी गतिविधियां इस पाइपलाइन परियोजना के विकास-विस्तार में सबसे बड़ी बाधा है। किसी से छिपा नहीं है कि पाकिस्तान भारत विरोधी गतिविधियों में संलिप्त है। वह आतंकी समूहों को भारत के खिलाफ उकसाता व मदद देता है। सामरिक विशेषज्ञों की मानें तो जब भी भारत और पाकिस्तान के बीच संबंध खराब होंगे, पाकिस्तान पोषित आतंकी संगठन तापी पाइपलाइन को नुकसान पहुंचाने की चेष्टा कर सकते हैं। ऐसे में भारत के लिए असहज स्थिति होगी। ऐसी स्थिति न बनने पाए इसके लिए आवश्यक है कि पाइपलाइन से जुड़े चारों देश आपसी समन्वय को मजबूत करें। यहां प्रस्तावित पाइपलाइन के लिए भारत-पाकिस्तान के बीच टकराव ही चुनौती और बाधा नहीं है। पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच तनाव भी इस प्रस्तावित परियोजना के लिए कम घातक नहीं है। इन दोनों देशों के बीच टकराव को व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखना होगा।

ध्यान देना होगा कि अगस्त 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान का शासन स्थापित होने के बाद से ही पाकिस्तान में आतंकी गतिविधियां तेज हुई हैं। खासकर खैबर पख्तुनवां और बलूचिस्तान क्षेत्र में आतंकी गतिविधियां अचानक बढ़ी हैं। पाकिस्तान की मानें तो इस हालात के लिए अफगानिस्तान में मौजूद तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकी जिम्मेदार हैं। जानना आवश्यक है कि 9/11 हमलों के बाद 2001 में अफगानिस्तान पर अमेरिकी आक्रमण के बाद 2007 में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) अस्तित्व में आया। यह समूह अमेरिका के आतंकवाद पर युद्ध का समर्थन करने पर पाकिस्तान के खिलाफ है। इस समूह ने अफगानिस्तान में युद्ध से भाग रहे अफगान तालिबान और अलकायदा के सदस्यों को शरण देना शुरू किया। यह आतंकी संगठन तालिबान के तत्कालीन नेता मुल्ला मोहम्मद उमर द्वारा स्थापित किया गया था। इस संगइन का उद्देश्य पाकिस्तान में शरिया कानून लागू करना है। ठीक वैसे ही जैसे अफगान तालिबान अफगानिस्तान में लागू कर रखा है। अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद से ही तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) यह दर्शन दे रहा है कि अफगान तालिबान विद्रोह का न सिर्फ नियंता है बल्कि उनके आंदोलन का सूत्रधार भी है। याद होगा तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के प्रमुख नूर वली महसूद सार्वजनिक रूप से अफगान तालिबान नेता मौलवी हिबतुल्ल अखुंदजादा के प्रति निष्ठा भाव जाहिर कर चुके हैं। उनकी मानें तो तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) पाकिस्तान में तालिबान की एक शाखा है।


यह पाइपलाइन तुर्कमेनिस्तान के गल्किनिश से निकलकर अफगानिस्तान के कंधार-हेरात और पाकिस्तान के क्वेटा-मुल्तान होते हुए भारत के पंजाब राज्य के फजिल्का तक प्रस्तावित है। तापी पाइपलाइन का नाम तुर्कमेनिस्तान, अफगानिस्तान, पाकिस्तान और भारत के पहले अक्षर को जोड़कर बनाया गया। 1814 किमी लंबी प्राकृतिक गैस से जुड़ी इस परियोजना पर 2010 में इंटर-गवर्नमेंटल एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर हुए। मई, 2012 में बायलेटर सेल एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर हुए। 2013 में चारों देशों की सरकारी गैस कंपनी को तापी पाइपलाइन कंपनी का हिस्सेदार बनाया गया।





*अफगानिस्तान की तालिबान सरकार अपने फायदे के लिए तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) का बचाव कर रही है। यही वजह है कि पाकिस्तान की लाख नाराजगी के बावजूद भी अफगानिस्तान सरकार अपने यहां मौजूद तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के लड़ाकों के खिलाफ कार्रवाई करने को तैयार नहीं है। इस स्थिति ने अफगानिस्तान-पाकिस्तान के टकराव को नए मोड़ पर ला दिया है। चूंकि तापी गैस पाइपलाइन परियोजना इन दोनों मुल्कों से होकर गुजरनी है ऐसे में इस टकराव का असर इस परियोजना पर पड़ सकता है।*

दूसरी ओर अफगानिस्तान की तालिबान सरकार अपने फायदे के लिए तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) का बचाव कर रही है। यही वजह है कि पाकिस्तान की लाख नाराजगी के बावजूद भी अफगानिस्तान सरकार अपने यहां मौजूद तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के लड़ाकों के खिलाफ कार्रवाई करने को तैयार नहीं है। इस स्थिति ने अफगानिस्तान-पाकिस्तान के टकराव को नए मोड़ पर ला दिया है। चूंकि तापी गैस पाइपलाइन परियोजना इन दोनों मुल्कों से होकर गुजरनी है ऐसे में इस टकराव का असर इस परियोजना पर पड़ सकता है। बेहतर होगा कि दोनों देश अपने अंदरूनी टकराव का असर इस प्रस्तावित परियोजना पर न पड़ने दें। इस परियोजना के लिए तीसरी बड़ी चुनौती तालिबान सरकार में शामिल हक्कानी नेता भी हैं। हाल ही में संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अफगानिस्तान में तालिबान की ओर से नियुक्त गृहमंत्री सिराजुद्दीन हक्कानी बड़ी आर्थिक परियोजनाओं को अपने कब्जे में लेना चाहते हैं। यह वहीं सिराजुद्दीन हक्कानी है जिसका नाम वैश्विक स्तर के आतंकवादियों की सूची में है। अमेरिका ने उसके बारे में सूचना देने पर 50 लाख डॉलर का इनाम घोषित कर रखा था। अमेरिका के संघीय जांच ब्यूरो की मानें तो 2008 में अफगान राष्ट्रपति हामिद करजई की हत्या के प्रयास की साजिश में भी यह कथित रूप से शामिल था। ऐसे में अफगानिस्तान की आर्थिक परियोजनाओं पर इसके नियंत्रण के खतरनाक मंसूबे को आसानी से समझा जा सकता है। बहरहाल अफगानिस्तान के कार्यवाहक प्रथम उप प्रधानमंत्री मुल्ला बरादर को यह स्वीकार्य नहीं है। दोनों के बीच आर्थिक परियोजनाओं को लेकर गहरे मतभेद हैं।

याद होगा अफगानिस्तान में सरकार गठन से पहले ही हक्कानी नेटवर्क के नेता अनस हक्कानी और खलील हक्कानी की तालिबान के नेता मुल्ला बरादर और मुल्ला याकूब के साथ जमकर झड़प हुई थी। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की रिपोर्ट की मानें तो दोनों समूहों के टकराव से अफगानिस्तान और उसके आसपास के क्षेत्र में आतंकवाद का खतरा बना हुआ है। उल्लेखनीय है कि मौजूदा समय में तालिबान, अलकायदा और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के बीच मजबूत गठजोड़ बना हुआ है। तापी पाइपलाइन परियोजना को लेकर तालिबान की दिलचस्पी इसलिए भी है कि इस पाइपलाइन परियोजना से होने वाली कमाई अफगानिस्तान के कुल बजट का तकरीबन 85 प्रतिशत हो सकता है। इसीलिए तालिबान ने तुर्कमेनिस्तान को भरोसा दिया है कि वे परियोजना को पूरी सुरक्षा प्रदान करेंगे। गौरतलब है कि इसी जून माह में पाइपलाइन पर तुर्कमेनिस्तान और तालिबान के बीच सझौता होना है। प्रस्तावित रोडमैप के मुताबिक इस पाइपलाइन की लंबाई तुर्कमेनिस्तान से अफगानिस्तान तक 214 किमी और अफगानिस्तान में 774 किमी होगी। इसी तरह पाकिस्तान से भारत तक इस पाइपलाइन की लंबाई 826 किमी होगी। भारत के पंजाब राज्य तक इसकी कुल लंबाई तकरीबन 1700 किमी होगी। इस परियोजना पर तकरीबन 10 अरब डॉलर खर्च होना है। गौरतलब है कि इस प्रोजेक्ट के लिए नवंबर 2014 में तापी पाइपलाइन कंपनी बनायी गयी जिसमें 85 प्रतिशत हिस्सेदारी तुर्कमेनिस्तान की सरकारी कंपनी तुर्कमेन गैस की है। इस कंपनी में भारत, पाकिस्तान और अफगानिस्तान की हिस्सेदारी पांच-पांच प्रतिशत है। अफगानिस्तान की अफगान गैस, पाकिस्तान की इंटरस्टेट गैस सर्विस और भारत की गैस अथॉरिटी आफ इंडिया एवं इंडियन ऑयल इसमें हिस्सेदार हैं।

इस परियोजना के तहत 33 अरब क्यूबिक मीटर गैस हर वर्ष ट्रांसपोर्ट होगी। इसमें पांच अरब क्यूबिक मीटर गैस अफगानिस्तान को मिलेगी जबकि भारत और पाकिस्तान को 14-14 अरब क्यूबिक मीटर गैस मिलेगी। इस परियोजना के मूर्त रूप लेने से भारत, पाकिस्तान तथा अफगानिस्तान के तकरीबन 1.5 अरब लोगों को फायदा पहुंचेगा। परियोजना से लाखों लोगों को रोजगार मिलेगा। तुर्कमेनिस्तान द्वारा भारत, पाकिस्तान और अफगानस्तिान को गैस बेचने से उसके राजस्व में भारी इजाफा होगा वहीं अफगानिस्तान-पाकिस्तान को हर वर्ष ट्रांजिट शुल्क हासिल होगा। इस परियोजना के आकार लेने से भारत का चीन और रूस पर से गैस की निर्भरता कम हो जाएगी। यह परियोजना इस मायने में ज्यादा महत्वपूर्ण है कि भारत को गैस आधारित अपने इंडस्ट्रियल और कमर्शियल एक्टिविटी को बढ़ाने में मदद मिलेगी। भारत के बिजली संयंत्रों को पर्याप्त मात्रा में गैस मिल सकेगी। माना जा रहा है कि इस परियोजना के आकार लेने से भारत-पाकिस्तान समेत संपूर्ण दक्षिण एशिया में ऊर्जा की कमी को पूरा की जा सकेगी जिससे आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

## व्यंग्य

# यह सिद्धांत की बात है...




भूपेन्द्र भारतीय
व्यंग्यकार


आखिर सिद्धांत भी कोई चीज होती है? ऐसा कहते हुए उन्होंने अपने सातवें दशक का अमर विचार उछाला। हां, वे सात दशक से राजनीति में हैं और अब भी सिद्धांतों की बात कर रहे हैं। उनके कार्यकर्ता तो इसके अभ्यस्त है ही, लेकिन उनके प्रतिद्वंद्वियों को यह बात हजम नहीं हो पा रही है। आखिर आजकल सिद्धांतों की बात किसे पसंद आती हैं? इस सोशल मीडिया युग में जो सिद्धांत की बात करेगा, वह छला ही जाऐगा। हां हां सिर्फ छला ही नहीं जाएगा, लेकिन घर बैठा दिया जाएगा।

उनके साथ भी यही हुआ। वे आधुनिक राजनीति के सामने बार-बार "यह सिद्धांत की बात है।" की रट लगा रहे थे। फिर क्या था, उन्हें मार्गदर्शक मंडल में बैठा दिया गया। अब वे घर बैठे अपनी नकली दाढ़ से हर बाइट पर सिद्धांतों की बात उगलते रहते हैं। अपने ही दल के सामने राजनीतिक शुचिता की बातें करते हैं। वे अपने राजनीतिक यौवन में मुख्यमंत्री, मंत्री, अध्यक्ष, विधायक, सांसद आदि के पदों से सुशोभित रहे हैं लेकिन अब वे अपने आप को सिर्फ जनसेवक कहलाना पसंद करते हैं। वे अब सिर्फ सिद्धांत की राजनीति के पक्षधर हैं। उन्हें अब सांठगांठ की राजनीति रास नहीं आती। वे राजनीति में शिष्टाचार की बात करते हैं।

ऐसा नहीं है कि वे अब ही सिद्धांत की बातें करने लगे हैं। वे तो राजनीति में शुरू से सिद्धांतों के पक्षधर रहे हैं लेकिन क्या करें, अपने दल को भी तो चलाना होता है। आखिर दल के कार्यकर्ता बगैर चंदे के कैसे जीवित रहें? वे तो शुरू से किसी भी तरह के चंदा लेने के पक्षधर नहीं रहे। अपने हाथों से कभी किसी राजनीति चंदे को छुआ तक नहीं। लेकिन जनसेवा के लिए आखिर पार्टी कार्यालय की आवश्यकता तो होती ही है। उसके लिए चंदा तो लगता ही है। "मूल्यों व सिद्धांतों से चुनाव नहीं जीत सकते हैं, राजनीति जरूर कर सकते है।"

उन्होंने जितने भी चुनाव लड़े सिर्फ जनसेवा के लिए ही लड़े। वे कभी भी मंत्री-मुख्यमंत्री बनना नहीं चाहते थे। लेकिन पार्टी हाईकमान के निर्देश पर उन्होंने इन दायित्वों का निर्वाह करना स्वीकार किया। उन्हें राजनीतिक सत्ता का मोह तो शुरू से था ही नहीं !

क्या करें, अपने क्षेत्र की जनता की भावनाओं व कार्यकर्ताओं के आग्रह पर वे चुनाव लड़ते थे , लेकिन अब उन्होंने वह सब बंद कर दिया है। अब वे पूर्णतः सिद्धांतों की ही राजनीति कर रहे हैं। उनका बड़ा मन है कि वे राजनीति में नये प्रतिमान व सिद्धांतों को गढ़ें। वे आजकल की दूषित राजनीति को स्वच्छ करना चाहते हैं। उनके अनुसार अब राजनीति बहुत गंदी हो गई है। वे अपने क्षेत्र की राजनीतिक गंदगी को दूर करने के लिए एक बड़ा स्वच्छता अभियान चलाना चाहते हैं। उन्हें ऐसा लगता है कि यह स्वच्छता सिद्धांतों की बात करने से ही आएगी।

ऐसे में वे एक बार फिर जनसेवक की भूमिका में राजनीतिक सिद्धांतों की लड़ाई लड़ना चाहते हैं। यहां चुनावों के नजदीक आने व फिर से चुनाव लड़ने से सिद्धांत की बात का कोई लेना देना नहीं है। लेकिन राजनीतिक सूचिता के लिए वे एक बार फिर अपने क्षेत्र की भोली भाली जनता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने के लिए जनसेवक के तौर पर जनता के बीच जाना चाहते हैं। लेकिन इस बार वे राजनीतिक सिद्धांतों की रक्षा के लिए जनता के बीच जाना चाहते हैं। जिससे उनके क्षेत्र की जनता का कल्याण हो। यह लड़ाई राजनीतिक सिद्धांत की बात है। राजनीतिक मूल्यों की रक्षा के लिए है। और एक फिर वे जनता के कल्याण के माध्यम से लोकतंत्र का कल्याण करना चाहते हैं।




**बीके शिवानी,** आध्यात्मिक मार्गदर्शक
@bkshivani
"मैं एक शक्तिशाली प्राणी हूं... मैं कैसा दिखता हूं... मैं कैसे कपड़े पहनता हूं... मैं क्या खरीदता हूं... मैं क्या खाता हूं... मैं कैसे व्यवहार करता हूं... मैं कैसे काम करता हूं... मेरा हर निर्णय मेरी पसंद है... मेरे व्यक्तित्व की पवित्रता और गरिमा को दर्शाता है... मैं ऐसा करता हूं लोगों की मंजूरी नहीं चाहता... मैं वही चुनता हूं जो मेरे लिए सही है।"



**विवेक बिंद्रा,** उद्यमी
@DrVivekBindra
जो इंसान केवल किताबें पढ़कर रियूजेब्ल रॉकेट बना सकता है सोचिए वह टेक्नोलॉजी के द्वारा क्या से क्या कर सकता है। मुझे लगता है प्रधानमंत्री नरेंद्र जी के साथ एलन मस्क भईया की मीटिंग के बाद टेस्ला ने भारत आने का फैसला ले लिया है, चलो हमारे लिए तो हमेशा ' अथिति देवो भव: ' रहा है।



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
योग अपनी सीमाओं को पार करने और अस्तित्व की सार्वभौमिक प्रकृति का अनुभव करने के बारे में है। एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य - मानवता के लिए आगे का रास्ता



**प्रिया कुमार,** प्रेरक वक्ता और लेखक
@kumarpriya
आप जो जीवन चाहते हैं और जो जीवन आप जी रहे हैं, उसके बीच के अंतर को मानसिकता, फोकस और निरंतरता कहा जाता है। इसे पाटें...जहां आप जाना चाहते हैं वहां पहुंचने के लिए। सपने सच होते हैं, जब आप उनके लिए काम करते हैं। ऐसा होने का कोई अन्य तरीका नहीं है.-

### नॉलेज कॉर्नर: सबसे पहले दक्षिणी अमेरिका महाद्वीप में हुई पैदावार

# तीन हजार साल पुरानी है 'शिमला मिर्च'

विश्व भर में कई ऐसे देश है जहां भोजन बड़े शौक और चाव से खाया जाता है। कई देशों में तेज मसालों का प्रयोग किया जाता है, तो कई देशों में हल्के मसाले काम में लिए जाते हैं। जब मसालों की बात आती है, सबसे पहले हमें मिर्च का ध्यान आता है। भारत देश की बात करें, तो दक्षिण भारत को छोड़कर पूरे क्षेत्र में तीखे भोजन का सेवन किया जाता है। अगर खाने में अच्छे मसाले और मिर्च हो तो भोजन का स्वाद बढ़ जाता है। यहां हम मिर्च की बात इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि विश्व भर में कई प्रकार की मिर्च उगाई जाती हैं। आपने लाल, हरी, पीली कई प्रकार की मिर्च बाजारों में देखी होगी। इनके रंग चाहे अलग हो लेकिन सभी में एक ही प्रकार के गुण पाए जाते हैं। इन्हीं में से एक है शिमला मिर्च जिसका उत्पादन सबसे पहले दक्षिण अमेरिका महाद्वीप में किया गया, लेकिन देखते ही देखते यह विश्वभर में प्रसिद्ध हो गई।

## जायका बढ़ाने में आती है काम

इसके इतिहास की बात करें तो, ज्ञात होता है कि इसकी खेती तीन हजार वर्षों पहले से की जा रही है। तीन हजार साल पहले भी लोग दक्षिण अमेरिका महाद्वीप में इसकी खेती कर रहे थे। सबसे पहले इसे दक्षिण अमेरिका में ही उगाया गया था। हालांकि यह भी दिलचस्प बात है कि इसका नाम भारत के किसी शहर के नाम पर है। लेकिन मूलत: यह अमेरिका की है। इसे कई नामों से जाना जाता है, जैसे- बेल पेप्पर। अंग्रेजी में इसे कैप्सिकम तथा पेप्पर भी कहा जाता है। इसका



प्रयोग कई प्रकार के व्यंजन व सब्जियां बनाने में किया जाता है, या यूं कहें कि हर प्रकार के भोजन में शिमला मिर्च का इस्तेमाल किया जाता है। यह जायता बढ़ाने का काम करती है। इसे कई प्रकार के पदार्थों में काम में लिया जाता है, जैसे- पिज्जा, आचार, सलाद मन्चुरियन तथा सब्जियां। यह तीन प्रकार की होती है- लाल, हरी तथा पीली।

## एक प्रकार की शाक

शिमला मिर्च का प्रयोग शाक के रूप में किया जाता है। यह मिर्च की ही एक प्रजाति है। इसका उपयोग शाक के रूप में किया जाता है। भारत में सर्वाधिक शिमला मिर्च का उत्पादन पश्चिम बंगाल में किया जाता है। इसके अलावा केरल, गोवा, गुजरात महाराष्ट्र तथा आन्ध्र प्रदेश में भी इसकी पैदावार की जाती है। इन छह राज्यों में देशभर की कुल शिमला मिर्च का 75 प्रतिशत उत्पादन किया जाता है। इसका गर्मी का मौसम इसकी पैदावार के लिए आदर्श माना जाता है। शिमला मिर्च अलग-अलग रंगों की होती है। भलें ही इनका रंग अलग-अलग हो लेकिन इनके गुण एक समान होते हैं।

## शिमला मिर्च के गुण

*इसमें कई प्रकार के गुण पाए जाते हैं। इसमें विटामिन सी, विटामिन ए और बीटा कैरोटीन पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है। इसमें कैलोरी की मात्रा शून्य के बराबर होती है, इसलिए इससे कॉलेस्ट्रॉल की मात्रा नहीं बढ़ती है। इसका सेवन करने से वजन भी नियंत्रित रहता है। इसमें एंटी ऑक्सीडेंट भी होते हैं।*

*कंटेंट: सुप्रिया सरकार*

**सियासी हलचल तेज:** भाजपा को वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में मजबूत चुनौती देने के लिए रणनीति बनाने पर होगा मंथन

# 2024 में दिल्ली फतह की कवायद, पटना में जुटेंगे आज विपक्षी दल

**एजेंसी** | पटना

विपक्ष के कई प्रमुख राजनीतिक दल आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कड़ी चुनौती देने के मकसद से एक मजबूत मोर्चा बनाने की रणनीति पर शुक्रवार को यहां मंथन करेंगे। विपक्ष के सूत्रों का कहना है कि विपक्षी नेताओं की मंत्रणा के दौरान नेतृत्व संबंधी सवालों को दरकिनार कर मिलकर मुकाबला करने की रणनीति पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। उधर, आम आदमी पार्टी के इस रुख से विपक्षी एकजुटता



की कवायद पर मतभेदों का साया पड़ गया कि अगर कांग्रेस ने दिल्ली में प्रशासनिक सेवाओं पर नियंत्रण से संबंधित केंद्र सरकार के अध्यादेश के खिलाफ उसे समर्थन देने का वादा नहीं किया तो आप शुक्रवार को पटना में होने वाली बैठक से बाहर हो जाएगी।

### ये नेता होंगे बैठक में शामिल

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एवं पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल, झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन, सपा प्रमुख अखिलेश यादव, शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे, राकांपा के अध्यक्ष शरद पवार और विपक्ष के कई अन्य नेता इस बैठक में भाग लेने वाले हैं। तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी, महासचिव अभिषेक बनर्जी और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की नेता महबूबा मुफ्ती गुरुवार शाम पटना पहुंच गईं। इस बैठक की मेजबानी बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव कर रहे हैं।

### BJP को घेरने की बनेगी रणनीति

विपक्ष से जुड़े सूत्रों ने बताया कि इस बैठक को नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार का मुकाबला करने के लिए विपक्षी एकजुटता की शुरुआत के रूप में देखा जा सकता है और इसमें इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए एक बुनियादी रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि हालांकि इस दौरान फिलहाल के लिए सीटों के बंटवारे और नेतृत्व संबंधी सवालों को नजरअंदाज किया जाएगा। विपक्ष के एक वरिष्ठ नेता ने नाम न बताने की शर्त पर कहा, "यह तो बस शुरुआत है। विचारों का मिलना महत्वपूर्ण है। इस वक्त चुनावी रणनीति, नेतृत्व संबंधी सवाल और सीटों के बंटवारे पर चर्चा होने की संभावना नहीं है।" उन्होंने कहा कि भाजपा को घेरने के लिए विपक्षी दल जिन मुद्दों को उठाएंगे, वे इस बैठक का शीर्ष एजेंडा होंगे।

### भाजपा का सवाल- पीएम का चेहरा कौन

विपक्षी दलों की यह बैठक ऐसे वक्त में हो रही है, जब उनके आपसी मनमुटाव की खबरें भी सामने आई हैं। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी पश्चिम बंगाल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर कथित तौर पर हमला करने वाले सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए मुर्शिदाबाद जिले में ब्लॉक कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे हैं। भाजपा विपक्षी दलों में मतभेदों को लेकर उन पर निशाने साध रही है और बार-बार नेतृत्व का सवाल उठा रही है कि विपक्ष का प्रधानमंत्री पद का चेहरा कौन होगा। बिहार कांग्रेस के प्रमुख अखिलेश प्रसाद सिंह ने भाजपा की आलोचना पर पलटवार करते हुए कहा कि विपक्षी गठबंधन के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार का सवाल महत्वपूर्ण नहीं है, क्योंकि 2024 के आम चुनावों में भाजपा को हराने के बाद नेतृत्व के सवाल को मिलकर हल किया जा सकता है। तेलंगाना की भारत राष्ट्र समिति, ओडिशा की बीजू जनता दल, बसपा और वाईएसआर कांग्रेस के इस बैठक में भाग लेने की संभावना नहीं है।

## गुरवाणी विवाद: गवर्नर से विधेयक रद्द करने की मांग



**चंडीगढ़।** एसजीपीसी प्रमुख हरजिंदर सिंह धामी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित से मुलाकात कर राज्य विधानसभा द्वारा पारित सिख गुरुद्वारा (संशोधन) विधेयक, 2023 रद्द करने की मांग की। एसजीपीसी प्रमुख ने दोहराया कि 1925 का अधिनियम एक केंद्रीय कानून है और इसमें केवल संसद ही संशोधन कर सकती है। पंजाब विधानसभा ने मंगलवार को गुरवाणी का 'फ्री टू एयर' (मुफ्त) प्रसारण सुनिश्चित करने वाला विधेयक पारित कर दिया। यह कदम भगवंत मान के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा सोमवार को सिख गुरुद्वारा अधिनियम, 1925 में संशोधन को मंजूरी देने के बाद आया है।

## 370 को निरस्त करने से J&K के लोग खुश: धनखड़



**जम्मू।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त किए जाने से लोग खुश हैं। यह अनुच्छेद अस्थाई था, लेकिन फिर भी 70 साल तक अस्तित्व में रहा। उपराष्ट्रपति ने यहां जम्मू विश्वविद्यालय के एक दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा, ''मैं 20 साल से इसकी वकालत कर रहा था। यह एक भूल थी। संविधान की विषय-वस्तु में जाएं और देखें कि यह अनुच्छेद अस्थाई था, लेकिन यह 70 साल तक बरकरार रहा।" उपराष्ट्रपति ने कहा कि अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त किए जाने के बाद से अब जम्मू-कश्मीर में सौहार्दपूर्ण माहौल है।

**एनएसएफ में संबोधन:** 'स्किलिंग फॉर फ्यूचर इवेंट' में मोदी ने कहा...

# भारत-अमेरिका को विकास के लिए 'प्रतिभाओं' की जरूरत

- पीएम ने कहा, दुनिया के सबसे अधिक युवा भारत में
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति से शिक्षा और कौशल में दक्ष होंगे यूथ

**एजेंसी** | वाशिंगटन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शिक्षा तथा कार्यबल को लेकर भारत और अमेरिका की साझा प्राथमिकताओं को रेखांकित करने के लिए यहां आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि विकास की गति को बनाए रखने के लिए दोनों देशों को 'कुशल प्रतिभाओं को विकसित करने' की जरूरत है।

पीएम मोदी ने बुधवार को नेशनल साइंस फाउंडेशन (एनएसएफ) द्वारा आयोजित 'स्किलिंग फॉर फ्यूचर इवेंट' में हिस्सा लिया, जहां उनकी मेजबानी प्रथम महिला जिल बाइडन ने की। कार्यक्रम समाज में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने और उसका विस्तार करने के लिए उच्च शिक्षा संस्थानों में कार्यबल को नए सिरे से विकसित करने पर केंद्रित था। मोदी ने शिक्षा, कौशल तथा नवाचार को बढ़ावा देने के लिए भारत द्वारा उठाए गए कदमों पर प्रकाश डाला। उन्होंने भारत और अमेरिका के बीच चल रहे द्विपक्षीय शैक्षणिक आदान-प्रदान और सहयोग की सराहना की। मोदी ने कहा, ''मैं वास्तव में खुश हूं कि मुझे यहां युवा तथा रचनात्मक सोच वाले लोगों के साथ बातचीत करने का अवसर मिला।



### कौशल मिशन के तहत पांच करोड़ से अधिक लोगों को किया प्रशिक्षित

प्रधानमंत्री ने अपनी सरकार के कौशल मिशन के बारे में बताते हुए कहा कि युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए शिक्षा, कौशल तथा नवाचार का होना जरूरी है और भारत ने इस दिशा में काम किया है। मोदी ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) शिक्षा और कौशल को साथ लेकर आई है। उन्होंने कहा कि कौशल मिशन के तहत पांच करोड़ से अधिक लोगों को प्रशिक्षित किया गया और अन्य 1.5 करोड़ लोगों को कृत्रिम मेधा तथा 'ब्लॉकचेन' जैसी नवीनतम तथा उभरती प्रौद्योगिकियों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकास की गति को बनाए रखने के लिए 'भारत और अमेरिका को प्रतिभाओं को विकसित करने की जरूरत है' और उनका लक्ष्य इस दशक को 'तकनीकी दशक' बनाना है।

### भारत और अमेरिका के बीच साझेदारी साबित होगी टिकाऊ व समावेशी

प्रधानमंत्री ने कहा कि अमेरिका के पास दुनिया के शीर्ष शैक्षणिक संस्थान तथा उन्नत प्रौद्योगिकियां हैं जबकि भारत में दुनिया के सबसे अधिक युवा हैं और उनका मानना है कि भारत-अमेरिका साझेदारी टिकाऊ तथा समावेशी साबित होगी। कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया, "यह सम्मान की बात है कि प्रथम महिला जिल बाइडन ने कौशल विकास से संबंधित एक विशेष कार्यक्रम में हमारे साथ शिरकत की। कौशल विकास भारत के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है और हम एक कुशल कार्यबल बनाने के लिए समर्पित हैं, जो उद्यम तथा मूल्य सृजन को बढ़ावा दे सके।" प्रधानमंत्री मोदी ने शिक्षा और अनुसंधान क्षेत्र में भारत-अमेरिका सहयोग को सक्रिय करने के लिए पांच सूत्री प्रस्ताव प्रस्तुत किया। एनएसएफ का नेतृत्व भारतीय अमेरिकी डॉ. सेतुरमन पंचनाथन कर रहे हैं।

### शिक्षा भारत और अमेरिका के बीच संबंध जोड़ने में एक आधारशिला: जिल बाइडन

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की पत्नी जिल बाइडन ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच संबंध कायम करने में शिक्षा एक आधारशिला है। साथ ही, उन्होंने सभी भारतीयों, विशेष रूप से लड़कियों को शिक्षा का अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना की। जिल ने बुधवार को ये टिप्पणियां कीं, जब उन्होंने और मोदी ने नेशनल साइंस फाउंडेशन (एनएसएफ) द्वारा आयोजित 'स्किलिंग फॉर फ्यूचर इवेंट' में भाग लिया। जिल ने एक बयान में कहा, "प्रधानमंत्री (मोदी), मैं जानती हूं कि शिक्षा उसी तरह से आपके दिल के करीब है जैसे कि यह (शिक्षा) मेरे करीब है।

**शाह को सिद्धरमैया की दो टूक**

# गरीबों को चावल की आपूर्ति में 'नफरत की राजनीति' न हो



**एजेंसी** | नई दिल्ली/बेंगलुरु

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के समक्ष राज्य को चावल की आपूर्ति का मुद्दा उठाते हुए उन्हें दो टूक शब्दों में कहा कि इस मामले में 'नफरत की राजनीति' नहीं होनी चाहिए क्योंकि 'अन्न भाग्य' योजना गरीबों के लिए है। मुख्यमंत्री ने बुधवार रात शाह से मुलाकात की और राज्य की 'अन्न भाग्य' योजना के लिए चावल की आपूर्ति के संबंध में चर्चा की। योजना में बीपीएल कार्ड धारक परिवारों के प्रत्येक सदस्य को पांच किलो अतिरिक्त चावल प्रदान किए जाते हैं।

सिद्धरमैया ने कहा, ''मैंने कल रात अमित शाह से मुलाकात की। मैंने उन्हें अवगत कराया कि एफसीआई चावल की आपूर्ति के लिए पहले राजी हो गया था और उसने इस संबंध में पत्र भी भेजा, लेकिन अचानक अगले ही दिन उसने कहा कि वह चावल की आपूर्ति नहीं कर सकता। प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि मामले में राजनीति की गई है। यहां कोई नफरत से भरी राजनीति नहीं होनी चाहिए, यह योजना गरीबों को चावल की आपूर्ति करने के लिए है।'' उन्होंने गुरुवार को नई दिल्ली में पत्रकारों से कहा, ''शाह ने कहा कि वह संबंधित मंत्री से बात करेंगे और उन्हें इस बारे में बताएंगे।'' सिद्धरमैया और उनके मंत्री पिछले कुछ दिनों से केंद्र की भाजपा नीत सरकार पर आरोप लगा रहे हैं कि वह कांग्रेस को चुनावी वादे पूरे करने में 'विफल' करने के लिए साजिश रच रही है। कांग्रेस अपने चुनावी वादे के मुताबिक एक जुलाई से 'अन्न भाग्य' योजना शुरू करने जा रही है, हालांकि इसके लिए उसे भारतीय खाद्य निगम से पर्याप्त मात्रा में चावल नहीं मिला है।

**पीएम मोदी विदेश में होने से बैठक में** नहीं हों सकेंगे शामिल

# मणिपुर पर सर्वदलीय बैठक पीएम के लिए महत्वपूर्ण नहीं: राहुल गांधी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि मणिपुर के मामले पर सर्वदलीय बैठक ऐसे समय में बुलाई गई है, जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश में नहीं हैं। इससे स्पष्ट है कि उनके लिए यह बैठक महत्वपूर्ण नहीं है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हिंसा प्रभावित मणिपुर की स्थिति पर चर्चा के लिए 24 जून को नई दिल्ली में



सर्वदलीय बैठक बुलाई है। राहुल गांधी ने ट्वीट किया, ''मणिपुर 50 दिनों से जल रहा है, मगर प्रधानमंत्री मौन रहे। सर्वदलीय बैठक तब बुलाई गई, जब प्रधानमंत्री खुद देश में नहीं हैं। साफ है, प्रधानमंत्री के लिए यह बैठक महत्वपूर्ण नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी इन दिनों अमेरिका की राजकीय यात्रा पर हैं। वह स्वदेश लौटने से पहले मिस्र का भी दौरा करेंगे।

**पंचायत चुनाव की तैयारियों के बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा...**

# राज्य के निर्वाचन आयुक्त को सनक और पसंद के आधार पर नहीं हटाया जा सकता

**एजेंसी** | कोलकाता

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस द्वारा राज्य सरकार को राज्य निर्वाचन आयुक्त (एसईसी) राजीव सिन्हा की पदभार ग्रहण करने संबंधी रिपोर्ट लौटाने के बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को उन्हें हटाने की संभावना से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि राज्य ने कभी भी इतनी शांतिपूर्ण चुनाव प्रक्रिया नहीं देखी है। बनर्जी ने जोर देकर कहा कि एसईसी को



हटाना एक "बोझिल प्रक्रिया" है और इसे महाभियोग के माध्यम से किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि एसईसी को ऐसे ही नहीं हटाया जा सकता। राज्यपाल की मंजूरी के बाद उनकी नियुक्ति की गई। महाभियोग के माध्यम से न्यायाधीशों को हटाने की तरह ही पद से हटाने की प्रक्रिया काफी बोझिल है। उनकी यह टिप्पणी राज्यपाल द्वारा बुधवार को सिन्हा की 'ज्वाइनिंग रिपोर्ट' राज्य सरकार को "लौटाने" के एक दिन बाद आई है। यह घटनाक्रम आठ जुलाई को होने वाले पंचायत चुनाव से पहले सामने आया है। उन्होंने कहा कि बंगाल में चुनाव प्रक्रिया इतनी शांतिपूर्ण कभी नहीं रही। यह हमारी पार्टी के कैडर हैं, जो मारे गए हैं। तीन-चार बूथों पर कुछ घटनाएं हुई हैं।

**छत्तीसगढ़ में भाजपा की रैली**

# मोदी सरकार ने वामपंथी उग्रवाद पर पाया काफी हद तक काबू: शाह

**एजेंसी** | दुर्ग

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने नौ वर्षों में छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र के कुछ क्षेत्रों को छोड़कर पूरे देश में वामपंथी उग्रवाद पर नियंत्रण पा लिया।

छत्तीसगढ़ के दुर्ग शहर के पंडित रविशंकर स्टेडियम में एक रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि राज्य सरकार सभी मोर्चों पर विफल रही है और भूपेश बघेल के नेतृत्व वाले शासन की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। इस वर्ष के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए शाह ने लोगों से राज्य में भूपेश बघेल के नेतृत्व



वाली कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने और 2024 के लोकसभा चुनाव में पीएम मोदी को तीसरी बार सत्ता में लाने का आग्रह किया।

### शाह का यह तीसरा छत्तीसगढ़ दौरा

शाह ने भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस के नेतृत्व वाले पूर्व संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) शासन पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि केंद्र में मनमोहन सिंह सरकार के समय 12 लाख करोड़ रुपए का घोटाला हुआ, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली मौजूदा सरकार पारदर्शी तरीके से काम कर रही है, उस पर एक भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगाया जा सकता। चुनावी वर्ष में शाह का यह तीसरा छत्तीसगढ़ दौरा है। उन्होंने जब रैली में मौजूद लोगों से पूछा कि वे अगले लोकसभा चुनाव में मोदी या राहुल गांधी में से किसे प्रधानमंत्री बनाएंगे, लोगों ने जवाब दिया, 'मोदी को।' मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के नौ वर्ष की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि इस अवधि के दौरान छत्तीसगढ़ के बस्तर के कुछ क्षेत्रों को छोड़कर, पूरे देश में वामपंथी उग्रवाद पर काबू पा लिया गया।"

### प्रदेश सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप

शाह ने छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार पर कई क्षेत्रों में भ्रष्टाचार में लिप्त रहने का आरोप लगाया और कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को राज्य के लोगों को 'धोखा' देने के लिए शर्म आनी चाहिए। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर अपराध में बढ़ोतरी और भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाते हुए कहा कि बघेल सरकार पर दो हजार करोड़ रुपए का शराब घोटाला, पांच सौ करोड़ रुपए का कोयला परिवहन घोटाला, 13 सौ करोड़ रुपए का गौठान घोटाला, लोक सेवा आयोग घोटाला, जिला खनिज फाउंडेशन (डीएमएफ) घोटाला समेत कई घोटालों का आरोप है। उन्होंने लोगों से पूछा कि क्या आप भ्रष्टाचार में डूबी इस सरकार को दोबारा चुनना चाहते हैं। शाह ने बघेल सरकार को 'वादा खिलाफी करने वाली सरकार' बताया और कहा कि कांग्रेस शराबबंदी, स्वयं सहायता समूहों का कर्ज माफ करने और बेरोजगारी भत्ता देने के अपने वादों को पूरा करने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि 'रेडी-टू-ईट योजना' में शामिल महिलाओं की नौकरियां चली गई, बुजुर्गों को वृद्धावस्था पेंशन ठीक से नहीं मिल रहा है और यहां तक कि तेंदूपत्ता संग्राहकों का भुगतान भी लंबित है। शाह ने कहा कि राज्य पर डेढ़ लाख करोड़ रुपए का कर्ज भी इस सरकार ने कर दिया है।

### आदिवासी इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी

शाह ने कहा कि कांग्रेस सरकार में आदिवासी इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी से कई लोगों की मृत्यु हो गई। 13 हजार से अधिक शिशुओं की मृत्यु हो गई, एक हजार किसानों ने आत्महत्या कर ली। इतने छोटे राज्य में पांच हजार से अधिक बलात्कार के मामले सामने आए। उन्होंने धान खरीदी को लेकर अपनी पीठ थपथपाने के लिए बघेल सरकार की आलोचना की और कहा कि धान खरीदी का 90 फीसदी पैसा केंद्र देता है। उन्होंने कहा कि संप्रग शासन के 10 वर्षों (2004-2014) के दौरान केंद्र ने छत्तीसगढ़ को 74 हजार करोड़ रुपए दिए थे, जबकि मोदी सरकार ने नौ वर्षों में अब तक राज्य को तीन लाख करोड़ रुपए मंजूर किए हैं।

## जरूरी खबर

### कूनो से चीतों को हटाने की योजना नहीं: भूपेन्द्र यादव



**नई दिल्ली।** केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने गुरुवार को कहा कि मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में चीतों के लिए पर्याप्त शिकार स्थान है और उन्हें कहीं और भेजने की फिलहाल कोई योजना नहीं है। उन्होंने हालांकि कहा कि भविष्य में कूनो में कोई समस्या उत्पन्न होने की स्थिति में उत्तर-पश्चिमी मध्य प्रदेश में गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य की "वैकल्पिक स्थान" के रूप में पहचान की गई है। उन्होंने कहा कि चीते स्थानीय मौसम और माहौल के अनुरूप ढल रहे हैं और "हमें उन्हें इसके लिए समय देना चाहिए।''

### 4,672 करोड़ का अवैध कारोबार, ब्रोकर गिरफ्तार



**मुंबई।** पुलिस ने तीन माह में 4,672 करोड़ रुपए के लेन-देन के साथ गैर कानूनी 'डब्बा कारोबार' में लिप्त एक शेयर ब्रोकर को गिरफ्तार किया है। 'डब्बा कारोबार' शेयरों की खरीद-फरोख्त का गैर कानूनी रूप है, जहां ऐसा कारोबार करने वाले ऑपरेटर लोगों को स्टॉक एक्सचेंज मंच के बाहर इक्विटी में कारोबार करने देते हैं। गिरफ्तार आरोपी ब्रोकर जतिन सुरेशभाई मेहता ने कर न देकर सरकार से 1.95 करोड़ से अधिक की धोखाधड़ी की। एक अधिकारी ने कहा कि ब्रोकर ने बिना वैध लाइसेंस के स्टॉक एक्सचेंज से बाहर शेयरों की खरीद-फरोख्त की और '23 मार्च से 20 जून 2023 के बीच उसका कारोबार 4,672 करोड़ रुपए था।'

### स्विस बैंकों में रखी भारतीयों की संपत्ति 11% घटी

**नई दिल्ली/ ज्यूरिख।** स्विस बैंकों में रखी हुई भारत के निवासियों एवं कंपनियों की राशि पिछले साल 11 प्रतिशत घटकर 3.42 अरब स्विस फ्रैंक (करीब 30,000 करोड़ रुपए) रह गई। स्विट्जरलैंड के केंद्रीय बैंक ने गुरुवार को यह जानकारी दी। स्विस केंद्रीय बैंक एसएनबी के आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2022 में स्विस बैंकों में रखा गया भारतीय ग्राहकों का कुल कोष 11 प्रतिशत घटकर 3.42 अरब फ्रैंक रह गया। इसके एक साल पहले 2021 में स्विस बैंकों में भारतीय ग्राहकों ने 3.83 अरब स्विस फ्रैंक की राशि रखी थी जो 14 वर्षों का उच्च स्तर था।

## जगन्नाथ रथ यात्रा में उमड़े श्रद्धालु



*नागपुर। इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस (इस्कॉन) द्वारा आयोजित जगन्नाथ रथ यात्रा में भगवान कृष्ण और राधा के रूप में सजे भक्त।* -पीटीआई

### गवर्नर ने किया एल20 सम्मेलन का उद्घाटन



**पटना।** बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने जी20 की भारत की अध्यक्षता के तहत एल20 (श्रम भागीदारी समूह) के दो दिवसीय सम्मेलन का गुरुवार को उद्घाटन किया। सम्मेलन में 28 देशों के 173 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। जी20 देशों के अलावा भारत ने अपनी अध्यक्षता के तौर पर बांग्लादेश, मिस्र, मॉरीशस, नीदरलैंड, नाइजीरिया, ओमान, नेपाल और संयुक्त अरब अमीरात को बैठक में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। सभा को संबोधित करते हुए एल20 के अध्यक्ष हिरण्मय पंड्या ने कहा, ''मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि एल20 न केवल जी20 देशों की आवाज का प्रतिनिधित्व करेगा बल्कि यह निश्चित रूप से उन देशों की आवाज का भी प्रतिनिधित्व करेगा जिनके प्रतिनिधि इसमें उपस्थित नहीं हैं।''

**मानसून का कहर:** दस जिलों में एक लाख से ज्यादा लोग प्रभावित

# असम में बाढ़ से बिगड़े हालात

एजेंसी | गुवाहाटी

असम में गुरुवार को भी बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी रही। राज्य के कई इलाकों में रुक-रुक कर बारिश होने से नए इलाके भी जलमग्न हो गए। बाढ़ से 10 जिलों में करीब 1.2 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। मौसम विज्ञान विभाग ने 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है और अगले कुछ दिनों तक कई जिलों में 'अत्यंत भारी' से 'अत्यधिक भारी' बारिश का अनुमान जताया है।

गुवाहाटी में आईएमडी के क्षेत्रीय मौसम केंद्र (आरएमसी) ने शुक्रवार के लिए 'येलो अलर्ट' जारी किया है। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की रिपोर्ट के अनुसार बक्सा, बारपेटा, दरांग, धेमाजी, धुबरी, कोकराझार, लखीमपुर, नलबाड़ी, सोनितपुर और उदलगुरी जिले में बाढ़ के कारण 1,19,800 लोग प्रभावित हैं। नलबाड़ी बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित है और लगभग 45,000 लोग इससे जूझ रहे हैं।



### 5 जिलों में 14 राहत शिविर

प्रशासन ने पांच जिलों में 14 राहत शिविर बनाए है, जहां 2,091 लोगों ने शरण ली है और पांच जिलों में 17 राहत वितरण केंद्र चलाए जा रहे हैं। सेना, अर्द्धसैनिक बल, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ), अग्निशमन और आपातकालीन सेवा (एफ एंड ईएस), नागरिक प्रशासन, गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) तथा स्थानीय लोगों ने विभिन्न स्थानों से 1,280 लोगों को बचाकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया है।

### प्रदेश में 780 गांव हुए जलमग्न

एएसडीएमए बुलेटिन में कहा गया है कि वर्तमान में, 780 गांव जलमग्न हैं और पूरे असम में 10,591.85 हेक्टेयर खेत क्षतिग्रस्त हो गए हैं। बुलेटिन में कहा गया है कि बक्सा, बारपेटा, सोनितपुर, धुबरी, डिब्रूगढ़, कामरूप, कोकराझार, लखीमपुर, माजुली, मोरीगांव, नागांव, दक्षिण सलमारा और उदलगुरी में व्यापक भूमिकटाव देखा गया है। दीमा हसाओ और कामरूप मेट्रोपोलिटन में कई स्थानों से भूस्खलन और भारी बारिश की सूचना है। एएसडीएमए की रिपोर्ट में बताया गया है कि ब्रह्मपुत्र नदी की सहायक नदी बेकी तीन स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही है।

### ओडिशा पहुंचा मानसून, भारी बारिश का अलर्ट

**भुवनेश्वर।** मानसून गुरुवार को ओडिशा के कुछ हिस्सों में पहुंच गया, इससे अगले चार-पांच दिनों में राज्य में भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक दक्षिण-पश्चिम मानसून ने राज्य के मलकानगिरी, कोरापुट और गजपति जिले के कुछ हिस्सों में दस्तक दे दी है। अगले दो दिन इसके आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। अगले चार-पांच दिनों के दौरान कई क्षेत्रों में भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने अगले 4 दिन यानी 22 से 26 जून तक पश्चिम बंगाल, सिक्किम, असम और मेघालय में भारी बारिश का अनुमान जताया है।

**30 नर्सिंग कर्मियों को किया सम्मानित**

## राष्ट्रपति मुर्मू ने नर्सिंग पेशेवरों को दिए फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार



एजेंसी | नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को नर्सिंग पेशेवरों को वर्ष 2022 और 2023 के लिए राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार प्रदान किए। राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार की स्थापना भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने वर्ष 1973 में नर्सों और नर्सिंग पेशेवरों द्वारा समाज को प्रदान की गई सराहनीय सेवाओं के सम्मान स्वरूप की थी। राष्ट्रपति भवन के बयान के अनुसार, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में ये पुरस्कार प्रदान किए। इसमें वर्ष 2022 के लिए असम, महराष्ट्र, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, मेघालय, अरूणाचल प्रदेश, दिल्ली, कर्नाटक, लक्षद्वीप, ओडिशा, राजस्थान, तमिलनाडु और उत्तराखंड से 15 नर्सिंग पेशेवरों को पुरस्कार दिए गए हैं। वहीं, वर्ष 2023 के लिए अंडमान निकोबार द्वीपसमूह, बिहार, कर्नाटक, ओडिशा, तमिलनाडु, सिक्किम, पंजाब, पश्चिम बंगाल, जम्मू कश्मीर, केरल, महाराष्ट्र, मणिपुर, मिजोरम और पुदुचेरी से 15 नर्सिंग पेशेवरों को पुरस्कार प्रदान किए गए।

**बंदूकधारियों को पकड़ने के प्रयास तेज**

## मणिपुर में गोलीबारी में दो जवान घायल

एजेंसी | इंफाल

मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले के उत्तरी बोलजांग में गुरुवार तड़के करीब पांच बजे अज्ञात बंदूकधारियों की गोलीबारी में दो जवान घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि शुरुआती तलाशी के दौरान एक इंसास लाइट मशीन गन बरामद की गई है।

अधिकारियों के मुताबिक इलाके में स्थिति नियंत्रण में है और बंदूकधारियों को पकड़ने के लिए तलाश अभियान जारी है। गोलीबारी में दोनों जवान मामूली रूप से घायल हुए हैं। क्षेत्र में सेना के अतिरिक्त कॉलम तैनात किए गए हैं और तलाश अभियान जारी है। अधिकारियों के अनुसार, बुधवार शाम करीब पौने छह बजे के आसपास इंफाल ईस्ट जिले में वाईकेपीआई के उत्तर में उरंगपत के पास स्वचालित छोटे हथियारों से गोलीबारी करने की आवाजें सुनी गईं। वहीं, सूत्रों की मानें तो बुधवार को शाम साढ़े पांच बजे के आस-पास अज्ञात बंदूकधारियों द्वारा हरोथेल की ओर बिना किसी उकसावे के गोलीबारी किए जाने की भी खबरें हैं। हालांकि, क्षेत्र में शाम साढ़े सात बजे के आस-पास हालात नियंत्रित हो गए। बुधवार को महिला प्रदर्शनकारियों ने सॉवोनबंग-वाईकेपीआई मार्ग को कई जगहों पर अवरुद्ध किया।



**लंदन के घर का मामला:** विदेश मंत्रालय ने महाराष्ट्र सरकार से मांगी सहमति

## अंबेडकर के घर का नियंत्रण लेगा केंद्र

एजेंसी | मुंबई

केंद्र सरकार ने लंदन में डॉ. बी. आर. अंबेडकर के घर का नियंत्रण विदेश मंत्रालय को सौंपने के लिए महाराष्ट्र सरकार से सहमति देने का अनुरोध किया है। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) के एक अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि मंजूरी के लिए फाइल भेजी गई है।

उत्तर लंदन में किंग हेनरीज रोड पर स्थित 31 लाख पाउंड कीमत के इस तीन मंजिला घर को 2015 में राज्य सरकार ने संग्रहालय बनाने के उद्देश्य से खरीदा था। वर्ष 2020 में इस घर को संग्रहालय में तब्दील किया गया और इसे लोगों के लिए खोल दिया गया। भारतीय संविधान के निर्माता आंबेडकर 1921-22 में इस घर में रहे थे। लंदन में 2,050 वर्ग फुट में बनी यह आवासीय संपत्ति 2014 में एक एस्टेट एजेंट के जरिए बिक्री के लिए पेश की गई थी। इसके बाद फेडरेशन ऑफ आंबेडकराइट्स एंड बुद्धिस्ट ऑर्गेनाइजेशन (एफएबीओ) यूके ने भारत सरकार को पत्र लिखकर ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण स्मारक के तौर पर इसे खरीदने का अनुरोध किया था। इस घर को खरीदने के महाराष्ट्र के फैसले को बाद में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने मंजूरी दी थी।



**सरकारी कर्मचारियों की पेंशन प्रणाली की समीक्षा**

# एनपीएस में बदलाव के लिए ले रहे सुझाव: वित्त मंत्रालय

एजेंसी | नई दिल्ली

सरकारी कर्मचारियों के लिए मौजूदा पेंशन प्रणाली 'एनपीएस' की समीक्षा के लिए गठित समिति फिलहाल हितधारकों से परामर्श की प्रक्रिया में है। अभी तक इसकी रिपोर्ट को अंतिम रूप नहीं दिया गया है।

वित्त मंत्रालय ने गत अप्रैल में सरकारी कर्मचारियों के लिए पेंशन योजना की समीक्षा करने और राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) की मौजूदा रूपरेखा और संरचना में जरूरी बदलाव के बारे में सुझाव देने के लिए वित्त सचिव टीवी सोमनाथन की अध्यक्षता में यह समिति गठित की थी। मंत्रालय ने गुरुवार को ट्वीट में कहा कि सोमनाथन समिति संबंधित हितधारकों के साथ विचार-विमर्श की प्रक्रिया में है और अभी तक किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पाई है। गठन की शर्तों के अनुरूप यह समिति एनपीएस के दायरे में आने वाले सरकारी कर्मचारियों के पेंशन लाभों को बेहतर करने के लिए जरूरी उपायों के बारे में सुझाव देगी। ये सुझाव राजकोषीय प्रभाव और समग्र बजटीय प्रावधानों पर असर को ध्यान में रखते हुए दिए जाएंगे ताकि राजकोषीय मजबूती कायम रहे। वित्त सचिव की अध्यक्षता वाली इस समिति में कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के सचिव, व्यय विभाग के विशेष सचिव और पेंशन कोष नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) के चेयरमैन सदस्य के रूप में शामिल हैं।



### कई राज्यों ने लागू की ओपीएस

पिछले कुछ महीनों में विपक्ष शासित कई राज्य सरकारों ने 'पुरानी पेंशन योजना' (ओपीएस) लागू करने का फैसला किया है। इससे उत्साहित होकर कुछ अन्य राज्यों में भी कर्मचारी संगठनों ने इसकी मांग उठाई है। राजस्थान, छत्तीसगढ़, झारखंड, पंजाब और हिमाचल प्रदेश की राज्य सरकारों ने ओपीएस लागू करने के अपने फैसले की जानकारी केंद्र सरकार को देने के साथ ही उससे एनपीएस के तहत जमा धनराशि लौटाने का अनुरोध किया है।

### केंद्र ने किया ओपीएस देने से इनकार

जहां तक केंद्र सरकार के स्तर पर ओपीएस लागू करने की मांग का सवाल है तो इस संभावना से वित्त मंत्रालय पूरी तरह इनकार कर चुका है। मंत्रालय की तरफ से संसद में जानकारी दी गई थी कि एक जनवरी, 2004 के बाद भर्ती हुए केंद्र सरकार के कर्मचारियों के संबंध में ओपीएस लागू करने का कोई भी प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। ओपीएस के तहत सेवानिवृत्त होने वाले सरकारी कर्मचारियों को उनके अंतिम आहरित वेतन का 50 प्रतिशत मासिक पेंशन के रूप में मिलता था। महंगाई भत्ते की दरों में बढ़ोतरी के साथ यह राशि बढ़ती रहती है। एनपीएस को जनवरी, 2004 के बाद केंद्र सरकार में शामिल होने वाले सशस्त्र बलों के कर्मचारियों को छोड़कर सभी सरकारी कर्मचारियों के लिए लागू किया गया है। अधिकांश राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों की सरकारों ने भी अपने नए कर्मचारियों के लिए पेंशन प्रणाली के तौर पर एनपीएस को अपनाया है।

**PM-किसान ऐप पर नई सुविधा लॉन्च**

## किसान अब चेहरे से कर सकेंगे ई-केवाईसी

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्र प्रायोजित योजना पीएम-किसान के तहत पंजीकृत कृषक अब 'वन-टाइम पासवर्ड' (ओटीपी) या 'फिंगरप्रिंट' के बिना अपना चेहरा स्कैन करके ई-केवाईसी पूरा कर सकते हैं। सरकार ने इसके लिए गुरुवार को मोबाइल एप्लिकेशन पर 'चेहरा प्रमाणीकरण' सुविधा पेश की। पीएम-किसान मोबाइल ऐप पर नई सुविधा कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने पेश की।

उन्होंने कहा कि योजना का कार्यान्वयन प्रौद्योगिकी का उपयोग करके बहुत आसान हो गया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) के तहत, पात्र किसानों को हर चार महीने में 2,000 रुपए की तीन समान किस्तों में प्रति वर्ष 6,000 रुपए का वित्तीय लाभ प्रदान किया जाता है। नए मोबाइल ऐप का उपयोग करना बहुत आसान है और यह 'गूगल प्ले स्टोर' पर डाउनलोड के लिए आसानी से उपलब्ध है। ऐप किसानों को योजना और पीएम-किसान खातों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी भी प्रदान करेगा। 'नो यूजर स्टेटस मॉड्यूल' का उपयोग करके किसान भूमि बुआई की स्थिति, आधार को बैंक खातों से जोड़ने और ई-केवाईसी की स्थिति भी जान सकते हैं।

## पार्क प्राइम में मिसेज यूनिवर्स ऑर्गेनाइजेशन की क्राउन अनविलिंग

# आठ ब्रांड एम्बेसेडर्स देशभर में करेंगी प्रतिभागियों की खोज

**बेधड़क, जयपुर।** जब क्राउन सामने आया तो उसे पाने के लिए हर उम्र के लोगों में उत्साह दिखाई दिया। गेस्ट ने क्राउन को हाथ में लेकर उसके बारे में जानकारी भी ली। नजारा और अनूठा अवसर रहा विवाहित और प्लस साइज महिलाओं को फैशन और ग्लैमर में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंच देने के लिए लौटे मिसेज यूनिवर्स ऑर्गेनाइजेशन की ओर से सी-स्किम स्थित पार्क प्राइम में क्राउन अनविलिंग के आयोजन का। इस दौरान मिसेज यूनिवर्स ऑर्गेनाइजेशन के सीईओ नरेश मदान, फोर्टी राजस्थान के प्रेसिडेंट सुरेश अग्रवाल, फोर्टी लेडीज विंग महासचिव ललिता कुछल, अलका गौड़, केरला से एंटरप्रिन्योर डॉ. शमला, पवन गोयल और जेडी माहेश्वरी ने शो से जुड़ी जानकारी दी। साथ ही सभी ने क्राउन के साथ फोटो सेशन कराया।





### एम्बेसेडर्स की तलाश शुरू

नरेश मदान ने बताया कि मिसेज यूनिवर्स ऑर्गेनाइजेशन की ओर से आयोजित होते रहे सभी 8 ब्यूटी पेजेंट्स, दीवालिशियस मिसेज इंडिया यूनिवर्स और एलीट मिसेज वर्ल्ड, दीवालिशियस मिसेज इंडिया यूनिवर्स, दीवालिशियस मिसेज इंडिया वर्ल्ड, एलीट मिसेज इंडिया, दीवालिशियस सुपर मॉडल ऑफ द ईयर और दीवालिशियस मिस्टर मिस टीन इंडिया की ब्रांड एम्बेसेडर्स की तलाश शुरू हो चुकी है।

### फैशन इंडस्ट्री को बढ़ाने पर चर्चा

क्राउन अनविलिंग और लॉन्च कार्यक्रम में बताया गया कि सभी 8 पेजेंट्स के लिए एक-एक ब्रांड एम्बेसेडर्स को देश के अलग-अलग कोने से चुना जा रहा है। ये सभी 8 एम्बेसेडर्स इन पेजेंट्स के लिए देशभर में प्रतिभागियों की खोज करेंगे। साथ ही अपने ब्रांड की ओर जागरूकता, लोकप्रियता और जानकारी पर भी कार्यरत रहेंगी। अगस्त में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के दौरान इन सभी ब्रांड एम्बेसेडर्स पर से पर्दा उठेगा और सभी क्रॉनिंग की जाएगी। क्राउन अनविलिंग के बाद गेस्ट, फैशन लवर्स, मॉडल्स, ऑर्गेनाइजर्स और अन्य लोगों ने गेट टू गेदर भी किया। इस दौरान फैशन इंडस्ट्री को बढ़ाने पर चर्चा की गई और सभी ने अपने सुझाव रखे।

फोटो: पंकज शर्मा

## 500 लोगों ने किया योगाभ्यास



**बेधड़क. जयपुर।** मुकुंद योग एवं नेचुरोपैथी संस्थान की ओर से जवाहर नगर के सेक्टर 5 स्थित झूलेलाल मंदिर में योग शिविर का आयोजन किया गया। इसमें योगाचार्य डॉक्टर अंचल उप्पल के नेतृत्व में 500 लोगों ने योगाभ्यास किया। संस्थान की अध्यक्ष युक्ति ने योग साधकों को अपनी दैनिक दिनचर्या का अंग बनाने की अपील की। डॉ. उप्पल ने योग के वैज्ञानिक तरीके से सभी को अवगत करवाया। इस अवसर पर नेचरोपैथ रेखराज चौहान भी उपस्थित रहे अंत में भास्कर योग एवं नेचरक्योर के स्टूडेंट्स द्वारा योगासनों का प्रदर्शन भी किया गया। शिविर में पूज्य सिंधी पंचायत के विशिष्ट जन भी उपस्थित हुए। अंत में प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

## बच्चों संग देखा हैंडबॉल मैच



**बेधड़क. जयपुर।** भारत की प्रथम हैंडबॉल लीग में राजस्थान महाराष्ट्र के मुकाबले में राजसीको चेयरमैन राजीव अरोड़ा ने नया सवेरा, आश्रय केयर, समर्पण एवं अन्य एनजीओ के तकरीबन 70 बच्चों को मैच दिखाने की विशेष व्यवस्था की और बच्चों के साथ आनंद उठाया। इस विशेष आयोजन को राजीव अरोड़ा के नेतृत्व में यूनिराज अलुमिनी फेडरेशन के द्वारा किया गया। गौरतलब है कि राजीव अरोड़ा हैंड बॉल प्रीमियर लीग के मुख्य संरक्षक भी हैं।

## बच्चे देंगे हेल्प का मैसेज



**बेधड़क. जयपुर।** जवाहर कला केन्द्र में हुनर के कद्रदानों के लिए शुक्रवार का दिन खास होगा। यहां स्टूडियो साज के तत्वावधान में सांस्कृतिक संध्या के दौरान कला की बानगी देखने को मिलेगी। इस दौरान सैकड़ों बच्चे ड्रामा, नृत्य, कथक, की बोर्ड, क्राफ्ट व पेंटिंग सहित अन्य विधाओं में बेजोड़ हुनर का प्रदर्शन करेंगे। संचालिका अंजली वरयानी ने बताया कि शाम 5 से 8 बजे तक होने वाले कार्यक्रम के लिए बच्चों ने पिछले एक महीने कड़ी मेहनत, समर्पण व अनुशासन से प्रस्तुतियों की तैयारी की है।

## City इवेंट्स

### सौरभ सागर का मंगल प्रवेश आज



**बेधड़क, जयपुर।** आचार्य सौरभ सागर महाराज का शुक्रवार को सुबह 7 बजे आगरा रोड स्थित श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चूलगिरि पर मंगल प्रवेश होगा। इस मौके पर क्षेत्र कमेटी सहित श्रद्धालुओं द्वारा अगवानी की जाएगी। राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि इससे पूर्व आचार्य आगरा से लंबा विहार करते हुए गुरुवार सुबह कानोता पहुंचे। इस मौके पर चूलगिरि अतिशय क्षेत्र के संरक्षक प्रवीण चन्द्र छाबड़ा, विनोद जैन कोटखावदा, सुनील साखूनिया सहित कई श्रेष्ठीजनों ने आशीर्वाद लिया। आचार्य का शनिवार सुबह मोहनबाड़ी के श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में मंगल प्रवेश होगा। रविवार सुबह 6 बजे मोहनबाड़ी से मंगल विहार कर सुबह 7:15 बजे बड़ी चौपड़ पर हवामहल पहुंचेंगे। जहां से भट्टारकजी की नसियां के लिए मंगल प्रवेश जुलूस रवाना होगा।

### डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट 14 जुलाई से

**बेधड़क, जयपुर।** राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट (आरडीटीएम-2023) जयपुर में 14-16 जुलाई तक होगा। इससे पहले पर्यटन विभाग, राजस्थान सरकार और फैडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म इन राजस्थान (एफएचटीआर) की ओर से शुक्रवार को भरतपुर में प्रमोशनल रोड शो किया जाएगा। रोड शो में पर्यटन मंत्री विश्वेंद्र सिंह शामिल होंगे। उनके साथ प्रमुख सचिव पर्यटन गायत्री राठौड़, एफएचटीआर अध्यक्ष अपूर्व कुमार, एफएचटीआर महासचिव मोहन सिंह मेड़तिया और राजस्थान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स (राटो) अध्यक्ष महेंद्र सिंह राठौड़ होंगे। एफएचटीआर अध्यक्ष अपूर्व कुमार ने बताया कि इससे पहले आरडीटीएम के तीन रोड शो जयपुर, उदयपुर और जोधपुर में हो चुके हैं।

### 21 महिलाएं जीएंगी गोल्डन एरा



**बेधड़क, जयपुर।** जयपुर की लेडीज एक मंच पर आएंगी और बॉलीवुड गोल्डन एरा को जीएंगी। इसके लिए 'सरगम' लेडीज ग्रुप की ओर से शनिवार को जवाहर कला केन्द्र के रंगायन सभागार में सुपरहिट गीतों का कार्यक्रम 'सुरों के रंग-सरगम के संग' आयोजित किया जाएगा। मुक्ता के चड्ढा के निर्देशन में होने वाला यह यह कार्यक्रम शाम 6 बजे प्रारंभ होगा। इसमें शहर की 21 प्रतिष्ठित महिलाएं सुपरहिट गीत अपनी आवाज में प्रस्तुत करेंगी। 'सरगम' लेडीज ग्रुप में डॉक्टर, लेक्चरर और बिजनेस पर्सन्स के साथ ही कई प्रोफेशनल सिंगर्स भी शामिल हैं। मुक्ता चड्ढा, अनुराधा माथुर, राजश्री सेमन्त, ममता झा, प्रिय बोथरा, रितु श्रीवास्तव, इला कुलश्रेष्ठ, डॉ. राशि अग्रवाल, भावना कश्यप, मधुलिका उज्जवल, संध्या असवाल, आकृति वशिष्ठ, भारती शर्मा, अदिति शर्मा, रेनु माथुर, मीरा सक्सेना, संतोष भाटी, निशा शर्मा, बीना भार्गव, विनीता कोडवानी और पूनम जैन कार्यक्रम में शिरकत करेंगी।

## कौशल विकास अभिरुचि शिविर का समापन

# डांस, जूड़ो, योगा के संग फैशन ब्राइडल शो में दिखाई प्रतिभा



**बेधड़क | जयपुर**

राधा-कृष्ण बनकर स्टेज पर छोटे बच्चों ने प्रस्तुतियों से बड़ों को रोमांचित कर दिया। रंग-बिरंगी पोशाकों में उन्होंने ऐसा रंग जमाया कि उल्लास का माहौल बन गया। नजारा था राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड मंडल मुख्यालय जयपुर के तत्वावधान में 17 मई से चल रहे कौशल विकास अभिरुचि शिविर के समापन समारोह का। मंडल मुख्यालय बनीपार्क पर आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने मन मोहा। समापन समारोह की अध्यक्षता राज्य सचिव पीसी जैन ने की। उन्होंने अभिरुचि शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे संभागीयों के प्रयासों को सराहा। मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक राजेंद्र कुमार हंस ने शिरकत की। उन्होंने बच्चों को शिविर के दौरान सीखे गए गुणों को जीवन में उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। सहायक राज्य संगठन आयुक्त गाइड नीता शर्मा ने अतिथियों का स्काउट परंपरा के अनुसार स्कार्फ पहनाकर वेलकम किया। कार्यक्रम में नृत्य, जूड़ो, योगा, फैशन शो, ब्राइडल शो, राधा कृष्ण, शिव पार्वती, राम दरबार पौराणिक शो द्वारा विभिन्न भगवानों के चित्रण प्रस्तुत किए गए। शिविर संचालिका रितु शर्मा ने बताया कि 1 माह से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रतिभागियों ने सीखे हुए कार्य को प्रदर्शित करने के लिए प्रदर्शनी लगाई। राज्य संगठन आयुक्त स्काउट दामोदर प्रसाद शर्मा ने आभार जताया।

## 'द साइबेरियन स्ट्रे' का समीर ने किया विमोचन

# छोटी उम्र में कहानी लेखन पर आशी-अस्मि को किया मोटीवेट



**बेधड़क | जयपुर**

संगीतकार समीर ने आरएएस क्लब में आशी गालरिया व अस्मि धाकड़ की ओर से लिखित पुस्तक 'द साइबेरियन स्ट्रे' का विमोचन किया।

संगीतकार समीर अंजान ने 12वीं क्लास की छात्राओं आशी गालरिया व अस्मि धाकड़ को इतनी छोटी उम्र में कहानी लेखन कर पुस्तक प्रकाशित करने पर मोटिवेट किया। समारोह के विशिष्ट अतिथि एसएमएस मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. राजीव बगरहट्टा ने दोनों को बधाई देते हुए उनकी सृजनात्मकता की सराहना की।

प्रमुख शासन सचिव सार्वजनिक निर्माण वैभव गालरिया ने अतिथियों का वेलकम किया। उन्होंने अपनी पुत्री आशी व डॉ. अनुराग धाकड़ की पुत्री अस्मि को प्रोत्साहित करते हुए विशेज दीं। समारोह में दोनों लेखिकाओं से मनजोत चांवला ने पुस्तक व पुस्तक में शामिल कहानियों के बारे में चर्चा की। एसएमएस ट्रोमा प्रभारी डॉ. अनुराग धाकड़ ने भी गेस्ट को बच्चों को मोटिवेट करने के लिए थैंक्स किया। इस दौरान कार्यक्रम में सेवानिवृत्त आईएएस गोविन्द शर्मा, जेसी मोहंती, वरिष्ठ आईएएस शिव प्रसाद नकाते, शिवांगी स्वर्णकार, एच गुईटे, पुलिस महानिरीक्षक प्रफुल्ल कुमार, डॉ. मीनू बगरहट्टा, डॉ. पुनीत भार्गव, डॉ. मनीष शर्मा, डॉ. जगदीश मोदी, डॉ. अजीत सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

**मधुरम** | जवाहर कला केंद्र में बच्चों की प्रस्तुतियों ने खींचा ध्यान

# कथक में कृष्ण श्लोक, तीन ताल में तोड़े, तुकड़े ने मोहा

**बेधड़क | जयपुर**

आलाप, मध्य लय की गत, एक ताल में बंदिश के साथ कई राग जयपुराइट्स को प्रभावित कर गए। कला प्रेमियों ने द्रुत लय में तीन ताल में झाले के प्रस्तुति को भी एंजॉय किया। मौका था विश्व संगीत दिवस पर जवाहर कला केंद्र की ओर से आयोजित मधुरम कार्यक्रम में गुरुवार को संगीत की मधुरता के साथ समापन का। नव को पहचान-अनुभव को सम्मान के उद्देश्य के साथ 'कला संसार' के तहत हुए कार्यक्रम के पहले दिन जहां ग्रैमी अवॉर्ड विजेता पद्मभूषण पं. विश्व मोहन भट्ट और तंत्री सम्राट पं. सलिल भट्ट ने समां बांधा था, वहीं दूसरे दिन बच्चों की प्रस्तुति ने मन मोहा। जोधपुर के नावेद नवाब खान के संतूर वादन व जूनियर समर कैंप में प्रशिक्षित बच्चों की प्रस्तुतियों में वादन व नृत्य का संगम दिखा



### राग हंस रही खास

नावेद ने संतूर पर राग हंस पेश की। द्रुत लय में तीन ताल में झाले के साथ प्रस्तुति को विराम दिया। अकबर हुसैन ने तबले पर संगत की। फिर जूनियर समर कैंप में प्रशिक्षित प्रतिभागियों की बारी आई। इस दौरान बच्चों ने गिटार पर फिल्मी गीतों की धुन बजाई। ढोलक पर पवन डांगी व तबले पर दिनेश खींची ने संगत की।

### पियानो में बॉलीवुड की धुन

शेर मोहम्मद ने पियानो अकॉर्डियन पर 'आजा सनम मधुर चांदनी' सरीखे गीत बजाए। इंस्ट्रक्टर डॉ. अंकित के साथ बच्चों ने तीन ताल में गुरु स्तुति की और ताल तीन ताल में कायदा, टुकड़े, परण, गतें पेश की। बच्चों ने तबलों पर विभिन्न वाद्य यन्त्रों की ध्वनि निकाली।

### रूद्रम से हुई भरतनाट्यम की शुरुआत

भरतनाट्यम की शुरुआत रूद्रम से की गई, जिसमें शिव द्वारा किए रुद्र तांडव को जीवंत कर नटराज की आराधना की गई। कलाकारों ने देवी की उपासना पर एक श्लोक प्रस्तुत किया। साथ ही धनाश्री तिल्लाना, एक शुद्ध नृत्त पक्ष का मंचन हुआ। कथक प्रस्तुति में बच्चों ने कृष्ण श्लोक, तीन ताल में तोड़े, तुकड़े, आमद, तत्कार, तिहाई, पं. नारायण प्रसाद की पारंपरिक कवित्त पेश की। 'माखन चौरी' का दृश्य साकार किया।



"कई बार हम जिस परिस्थिति से बचना चाहते हैं, लेकिन उसी परिस्थिति में हमारे लिए कीमती सबक छिपा रहता है"

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड ग्रुप एडिटर, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

## व्हाइट हाउस में लगे 'वंदे मातरम' और 'मोदी-मोदी' के नारे



*वाशिंगटन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत का गवाह बनने के लिए बड़ी संख्या में प्रवासी भारतीय गुरुवार को बूंदाबांदी के बीच व्हाइट हाउस के साउथ लॉन में जमा हुए। राष्ट्रपति जो बाइडेन ने प्रधानमंत्री मोदी का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत में 21 बंदूक की सलामी दी गई। इस अवसर पर प्रवासी भारतीयों ने दोनों देशों के झंडे लहराए और 'वंदे मातरम', 'भारत माता की जय' और 'मोदी, मोदी' जैसे नारे लगाए।* -पीटीआई

### GE एयरोस्पेस और HAL के बीच करार

# भारत और अमेरिका मिलकर अब बनाएंगे युद्धक विमान

**एजेंसी** | वाशिंगटन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का डिफेंस सेक्टर अब दुनिया से कदमताल कर रहा है। अब वह दिन दूर नहीं, जब भारत में बने युद्धक विमानों के इंजनों की गड़गड़ाहट पूरी दुनिया में सुनाई देगी। भारत की यह ताकत पाकिस्तान और चीन जैसे दुश्मनों के लिए भी कड़ा संदेश देगी।

अब हिंदुस्तान वह देश नहीं रह गया है, जो हथियारों और अन्य रक्षा उपकरणों के लिए दूसरे देशों पर निर्भर रहता था, बल्कि आधुनिक भारत आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ चला है। इसीलिए अमेरिका जैसे दुनिया के ताकतवर देश भारत के साथ मिलकर रक्षा समेत अन्य क्षेत्रों में काम करने को इच्छुक हैं। एक महत्वपूर्ण समझौते के तहत अमेरिकी कंपनी जीई एयरोस्पेस ने भारतीय वायु सेना के हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए)-एमके-2 तेजस के जेट इंजन के संयुक्त उत्पादन के लिए गुरुवार को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ समझौता किया। इस समझौते की घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका की राजकीय यात्रा के दौरान हुई। अमेरिकी कंपनी ने अपने बयान में कहा कि इस समझौते में जीई एरोस्पेस के एफ-414 इंजन के भारत में संयुक्त उत्पादन की संभावना शामिल है और जीई एरोस्पेस अमेरिकी सरकार के साथ इस उद्देश्य के लिए जरूरी निर्यात प्राधिकार प्राप्त करने के वास्ते काम करना जारी रखेगा। उसने एचएएल के साथ समझौता ज्ञापन को भारत और अमेरिका के बीच रक्षा सहयोग को मजबूत बनाने की दिशा में एक 'एक महत्वपूर्ण' कारक बताया है।



### जीई एयरोस्पेस
### भारत से जारी रखेगा गठजोड़

भारत अभी तक रूस और यूरोपीय गठजोड़ से सैन्य जेट प्राप्त करता रहा है। भारत ने फ्रांसिसी लड़ाकू विमान निर्माता देसां से भारतीय वायु सेना के लिए राफेल लड़ाकू विमान खरीदा था। जीई एयरोस्पेस उन्नत मध्यम श्रेणी के लड़ाकू विमान (एएमसीए) के एमके 2 इंजन कार्यक्रम के लिए भारत सरकार से गठजोड़ जारी रखेगा।

### मातम में बदली त्योहार की खुशियां

# चीन के रेस्तरां में भीषण विस्फोट, 31 की मौत

■ गैस लीक होने के कारण हुआ हादसा

**एजेंसी** | बीजिंग/यिनचुआन

उत्तर-पश्चिमी चीन में 'ड्रैगन बोट फेस्टिवल' की पूर्व संध्या पर एक रेस्तरां में रसोई गैस में हुए भीषण विस्फोट से 31 लोगों की मौत हो गई, जबकि सात अन्य घायल हो गए। सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' के मुताबिक, यिनचुआन प्रांत के शिनजियांग जिले में एक व्यस्त मार्ग पर स्थित 'बारबेक्यू' रेस्तरां में तरल पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) वितरण प्रणाली से रिसाव होने के कारण रसोई गैस में बुधवार को रात करीब आठ बजकर 40 मिनट पर विस्फोट हुआ।

विस्फोट के संबंध में रेस्तरां मालिक सहित नौ लोगों को हिरासत में लिया गया है। सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना (सीपीसी) की 'निंग्जिया हुई स्वायत्त क्षेत्रीय समिति' ने कहा कि विस्फोट में कुल 38 लोग हताहत हुए, जिनमें से 31 को मृत घोषित कर दिया गया और सात का उपचार किया जा रहा है।

एक घायल की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। यह विस्फोट 'ड्रैगन बोट फेस्टिवल' की पूर्व संध्या पर हुआ। दो दिन की छुट्टियों के मद्देनजर बड़ी संख्या में ग्राहक रेस्तरां और उसके आसपास की दुकानों व होटलों में उमड़े थे। विस्फोट में आसपास की इमारतों को भी भारी नुकसान हुआ है। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने गुरुवार को यिनचुआन के 'बारबेक्यू' रेस्तरां में हुए विस्फोट में घायल लोगों को समुचित इलाज और हरसंभव मदद प्रदान करने के निर्देश दिए। 'शिन्हुआ' के मुताबिक, विस्फोट के संबंध में पुलिस ने नौ लोगों को हिरासत में लिया है, जिनमें रेस्तरां का मलिक, शेयरधारक और कर्मचारी शामिल हैं। क्षेत्रीय प्रशासन ने इन लोगों की संपत्ति कुर्क की है।



### 'वॉल्व' बदलते वक्त हुई दुर्घटना

यह विस्फोट उस समय हुआ, जब शेफ गैस टैंक से गैस रिसाव की शिकायत मिलने के बाद उसका 'वॉल्व' बदल रहे थे। 'शिन्हुआ' के मुताबिक, रेस्तरां के आसपास के इलाकों में रहने वाले 64 परिवारों को सुरक्षित जगहों पर स्थानांतरित कर दिया गया है। स्थानीय मीडिया में प्रकाशित खबरों के अनुसार, 'बारबेक्यू' रेस्तरां एक लोकप्रिय रेस्तरां श्रृंखला का हिस्सा था और दो मंजिल में संचालित किया जा रहा था। इसके भूतल पर 20 ग्राहकों के बैठकर भोजन करने की व्यवस्था थी। इसकी दूसरी मंजिल पर 'कराओके रूम' थे।

### रातभर चला बचाव अभियान

चीन के आपातकालीन प्रबंधन मंत्रालय, आवास और शहरी-ग्रामीण विकास मंत्रालय एवं बाजार विनियमन से संबंधित राज्य प्रशासन के सदस्यों सहित एक संयुक्त कार्य दल को घटनास्थल पर भेजा गया है। आपातकालीन चिकित्सा सहायता एवं चार चिकित्सा विशेषज्ञ ल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। 'शिन्हुआ' की रिपोर्ट के अनुसार, स्थानीय बचाव दल ने 102 लोगों और 20 वाहनों को घटनास्थल पर भेजा और बचाव अभियान गुरुवार को तड़के समाप्त हो गया।

### 'टाइटन' में कभी भी खत्म हो सकती है ऑक्सीजन

# 4 दिन से गायब पनडुब्बी का सुराग नहीं

**एजेंसी** | दुबई

अटलांटिक महासागर में अप्रैल 1912 में डूबे टाइटैनिक जहाज का मलबा देखने गई पनडुब्बी के लापता हो जाने के बाद उसे ढूंढने के लिए 96 घंटे की समय सीमा समाप्त होने के करीब है क्योंकि इसमें उपलब्ध ऑक्सीजन तेजी से खत्म होती जा रही है। 'टाइटन' नाम की इस पनडुब्बी में पांच लोग सवार हैं।

रविवार सुबह छह बजे उत्तर अटलांटिक में अपनी यात्रा पर पनडुब्बी के रवाना होते समय चालक दल के पास केवल चार दिन के लिए ही ऑक्सीजन थी। विशेषज्ञों ने कहा है कि यदि पनडुब्बी में सवार लोग ऑक्सीजन संरक्षित करने के उपाय करते हैं तो यह समय सीमा बढ़ सकती है। बचावकर्मियों ने पनडुब्बी के लापता होने के स्थान पर और भी पोत भेजे हैं। अमेरिकी तटरक्षक ने गुरुवार को कहा कि एक कनाडाई जहाज द्वारा भेजा गया एक रोबोट समुद्र के तल पर पहुंच गया है और उसने पनडुब्बी की तलाश शुरू कर दी है। अधिकारियों को उम्मीद है कि समुद्र के नीचे से आ रही ध्वनि तरंगें उन्हें पनडुब्बी तक पहुंचाने में मदद कर सकती हैं। यात्रा का नेतृत्व कर रहे ओसनगेट एक्सपेडिशंस 2021 से समुद्री यात्राओं के जरिये समुद्र के अंदर टाइटैनिक के आसपास के वातावरण का अध्ययन कर रहा है।




### पर्यावरण अनुकूल प्रयोगशाला में हुआ तैयार

# मोदी ने जिल बाइडेन को किया हीरा गिफ्ट

**एजेंसी** | वाशिंगटन

तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर अमेरिका आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका की प्रथम महिला जिल बाइडेन को कश्मीर के अति सुंदर पेपरमेशी के छोटे से बॉक्स में 7.5 कैरेट का हीरा उपहार में दिया है। इस हीरे को ईको-फ्रेंडली प्रयोगशाला में तैयार किया गया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और प्रथम महिला जिल बाइडेन ने व्हाइट हाउस में प्रधानमंत्री के लिए एक रात्रिभोज की मेजबानी की। इस दौरान कई मुद्दों पर चर्चा की, उपहारों का आदान-प्रदान किया और भारत के विभिन्न क्षेत्रों के संगीत का लुत्फ उठाया। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने एक ट्वीट में कहा कि भारत का हीरा! प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कश्मीर के उत्तम पेपरमेशी बॉक्स में रखे इस खूबसूरत पर्यावरण अनुकूल हीरे को अमेरिका की प्रथम महिला जिल बाइडेन को उपहार में दिया। हीरा पर्यावरण के अनुकूल है इसके निर्माण में सौर और पवन ऊर्जा जैसे संसाधनों का उपयोग किया गया है।



### जो बाइडेन को चंदन का बक्सा उपहार

नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन को जयपुर के एक मास्टर शिल्पकार द्वारा हस्तनिर्मित एक विशेष चंदन का बक्सा भेंट किया। इसमें भगवान गणेश की मूर्ति और एक दीया (तेल का दीपक) था, जो कोलकाता के चांदी कारीगरों के परिवार की पांचवीं पीढ़ी द्वारा हाथों से बनाया गया है।

### प्रमुख उत्पादकों में से भारत एक

भारत सीवीडी तकनीक का उपयोग करके इन हीरों का उत्पादन करने वाले प्रमुख उत्पादकों में से एक है। भारत, देश की प्रयोगशालाओं में विकसित हीरे के विनिर्माण को बढ़ावा दे रहा है और इसके लिए सरकार ने पिछले आम बजट में कुछ कदमों की घोषणा की थी। सरकार ने एलजीडी बीजों पर सीमा शुल्क को पांच प्रतिशत से हटाने की घोषणा की थी। इसने एलजीडी मशीनरी, बीज और नुस्खा के स्वदेशी उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास को पांच साल के अनुसंधान अनुदान को भी मंजूरी दी।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** मनोज माथुर*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl